संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
नई दिल्ली, रविवार, 19 जनवरी 2025 ₹ 2
www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 19 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के रोपड़ में आयोजित सैनी महासम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

# संपत्ति कार्ड से गरीबी उन्मूलन में मिलेगी मदद : मोदी

- देश के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए

**योजना**

**इस स्वामित्व योजना से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक कार्यक्रम में देश के 230 से अधिक जिलों के करीब 50,000 गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम में शामिल हुए। इस स्वामित्व योजना से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के लाखों लोगों को फायदा होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल, मप्र, महाराष्ट्र, मिजोरम, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, यूपी और जम्मू- कश्मीर एवं लद्दाख के संपत्ति मालिकों को संपत्ति कार्ड जारी किए गए।

**21वीं सदी में लोगों को संपत्ति का अधिकार देना एक बड़ी चुनौती**

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 'आज का दिन देश के गांवों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ऐतिहासिक है। यह एक बड़ी समस्या थी, लेकिन राज्य सरकारों, अधिकारियों और ग्राम पंचायत के हजारों सहयोगियों की कोशिशों से लाखों लाभार्थियों को स्वामित्व योजना का लाभ मिला।' पीएम मोदी ने कहा कि '21वीं सदी में दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, पानी की कमी, स्वास्थ्य समस्याएं और आपदाएं प्रमुख हैं, लेकिन दुनिया एक और बड़ी चुनौती से जूझ रही है और वो है संपत्ति का अधिकार। कई वर्ष पहले संयुक्त राष्ट्र ने एक अध्ययन किया था, जिसमें कई देशों में संपत्ति के अधिकारों का अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन में पता चला कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास उनकी संपत्ति के कानूनी दस्तावेज ही नहीं हैं।'

**लोन लेने और सरकारी योजनाओं में मिलेगा फायदा**

पीएम मोदी ने कहा कि 'संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा था कि अगर गरीबी को कम करना है तो लोगों को संपत्ति का अधिकार देना बेहद जरूरी है। भारत भी इस चुनौती से अछूता नहीं है और हमारी स्थिति भी अन्य देशों जैसी ही है। गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों रुपये की संपत्ति है।

### क्या है स्वामित्व योजना?

**स्वामित्व** योजना ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने की दृष्टि से 24 अप्रैल, 2020 को (राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर) प्रधानमंत्री की ओर से शुरू की गई थी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से तैयार किया जाता है, जिससे भूमि विवादों को कम किया जा सके। गौरतलब है कि योजना के तहत 3.17 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जो लक्ष्य का 92 फीसदी है। वहीं, 1.53 लाख गांवों के लिए करीब 2.25 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं। इनमें से कई किसान हैं, जिनके लिए ये संपत्ति कार्ड वित्तीय सुरक्षा की गारंटी है।' उन्होंने यह भी कहा कि स्वामित्व और भू-आधार गांवों के विकास की नींव बनेंगे।

## पूरे देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** पटना में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' में बोलते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, 'इस किताब (भारत के संविधान) में कहां लिखा है कि भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली जानी चाहिए, आज के भारत में विधायकों और सांसदों के पास कोई ताकत नहीं है। जब मैं पिछड़े समुदाय, दलितों, आदिवासियों से ताल्लुक रखने वाले भाजपा सांसदों से मिलता हूं तो वे कहते हैं कि हमें पिंजरे में डाल दिया गया है।'

**आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर हमला**

राहुल गांधी ने आगे कहा, 'हम चाहते थे कि जैसे गंगा का पानी हर जगह बहता है, वैसे ही संविधान की विचारधारा भी देश के हर व्यक्ति, हर संस्था तक पहुंचे। कुछ दिन पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली थी। अगर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कह रहे हैं कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, तो वह भारत के संविधान को खारिज कर रहे हैं।

**केंद्र को घेरा**

**भारत की सारी संपत्ति सिर्फ दो से तीन लोगों के हाथ में चली गई है: कांग्रेस सांसद राहुल गांधी**

### राहुल गांधी ने बिहार की जातिगत जनगणना को बताया फर्जी

**कांग्रेस** सांसद ने कहा, 'देश की वास्तविक स्थिति को समझने के लिए जातिगत जनगणना होनी चाहिए। यह बिहार में की गई फर्जी जातिगत जनगणना जैसी नहीं होगी, जातिगत जनगणना के आधार पर नीति बनाई जानी चाहिए, कांग्रेस जातिगत जनगणना को लोकसभा और राज्यसभा में पारित करेगी। हम 50% आरक्षण की बाधा को ध्वस्त कर देंगे'।

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित



**रोहित कप्तान**

**ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। 19 फरवरी से होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति से जो टीम घोषित की है उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी जगह दी गई है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा। भारत-पाकिस्तान एक ग्रुप में शामिल मालूम हो कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल का फॉर्मूला अपनाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं और दोनों के बीच मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को करेगा।

## दिल्ली में किराएदारों को भी मिलेगा मुफ्त बिजली-पानी का लाभ: केजरीवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा की यदि वे सत्ता में वापस आते हैं तो वे राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले किराएदारों को मुफ्त बिजली और पानी की योजना का लाभ देने के लिए एक योजना शुरू करेंगे।आआपा के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में रहने वाले किराएदारों की शिकायत है कि उन्हें मुफ्त बिजली-पानी की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली में जगह-जगह घूम रहे हैं। इस दौरान लोग उन्हें बताते हैं कि वह मोहल्ला क्लिनिक, स्कूल और अस्पताल आदि सभी सुविधाओं का लाभ ले रहे है लेकिन मुफ्त बिजली और पानी नहीं मिल पा रहा है। केजरीवाल ने कहा कि किराएदारों को भी मुफ्त पानी और मुफ्त बिजली का लाभ मिलना चाहिए, क्योंकि वे भी यहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में ज्यादातर पुर्वांचल के लोग किराए पर रहते हैं। एक-एक मकान में 100-100 किराएदार बहुत गरीबी में रहते है। उनको इन योजनाओं का फायदा मिलना चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं यह घोषणा करता हूं कि अगर हमारी पार्टी चुनाव के बाद सत्ता में लौटती है।

## भारत का वाहन उद्योग दुनिया में होगा नंबर वन: गडकरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक है। नितिन गडकरी ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि भारतीय ऑटोमोबाइल उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत ज्यादा है।
उन्होंने कहा, भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपये का है। मुझे पूरा विश्वास है कि 5 साल के भीतर यह दुनिया में नंबर एक बन जाएगा।



बिहार: धरनास्थल पर कांग्रेस नेता के नेता राहुल गांधी ने 70वीं एकीकृत संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा (सीसीई) 2024 (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों से मुलाकात की, जो दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं ।

## दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'अनब्रेकेबल' की स्क्रीनिंग शनिवार को रोक दी गई। यह डॉक्यूमेंट्री आआपा नेताओं के जेल जाने और उनके संघर्ष पर आधारित है। पार्टी की ओर से इसका एक पोस्टर भी जारी किया गया था। दिल्ली के आईटीओ स्थित प्यारेलाल भवन में शनिवार दोपहर 12 बजे होना था।

**बिजली आपूर्ति** शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता 22 घंटे से बढ़कर 23.4 घंटे हो गई है


## ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति 22.4 घंटे हुई: खट्टर




**कार्यान्वयन**

**विद्युत मंत्रालय के लिए सांसदों की परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पिछले एक दशक में शहरी क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता 22 घंटे से बढ़कर 23.4 घंटे हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह 12.5 घंटे से बढ़कर 22.4 घंटे हो गई है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने विद्युत मंत्रालय के संसद सदस्यों की परामर्शदात्री समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी। "पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन" पर चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। ऊर्जा मंत्री ने स्मार्ट मीटर स्थापना के कार्यान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर बिलिंग त्रुटियों को कम कर ऊर्जा दक्षता को बढ़ाने और उपयोगकताओं के लिए ज?यादा सुविधा प्रदान करके उपभोक्ता और वितरण कंपनी, दोनों को लाभान्वित करते हैं। वहीं, डिस्कॉम को घाटे को कम करने, बिजली खरीद लागत के अनुकूलन और नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण आदि में मदद करते हैं। विद्युत मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि केंद्रीय विद्युत और आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में 16 जनवरी को राजधानी नई दिल्ली में "पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के कार्यान्वयन" विषय पर चर्चा हेतु विद्युत मंत्रालय के लिए सांसदों की परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई।



# खुले में शराब पी रहे 546 शराबी पकड़े, हवालात में काटी रात



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में खुले आसमान के नीचे सार्वजनिक स्थानों, शराब के ठेकों के आसपास व सड़क के किनारों पर शराब पीने वालों के खिलाफ शुक्रवार की देर शाम पुलिस ने दो घंटे तक विशेष अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्तों के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र तथा ट्रांस हिंडन क्षेत्र में चले इस अभियान में कुल 546 शराबी पकड़े गए। वे खुले में शराब पी रहे थे। कोई गाड़ी के बोनट पर रखकर, कोई छत पर कोई गाड़ी के अंदर तो कोई शराब के ठेके के आस-पास कोने में सुनसान व सार्वजनिक स्थानों पर बेखौफ होकर शराब पी रहा था। पुलिस के सामने आते ही इनका नशा एक ही झटके में उतर गया और पुलिस के सामने गिड़गिड़ाते हुए नजर आए। अभियान सभी तीनों जोन में शुक्रवार को शाम 7:00 से 9:00 तक चला और 546 लोगों को थानों की हवालात में कल के ठंड में रात काटनी पड़ी। इन सभी का पुलिस ने पुलिस अधिनियम की धारा 334 के तहत चालान कर दिया। पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने कहा कि शाम को कानून व्यवस्था चुस्त और दुरुस्त रखने के लिए शराब के ठेकों के आस-पास विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में नगर जोन पुलिस

**काबू**

**थाना क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। देर शाम जिले में 546 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया**

कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की देर शाम जिले में 546 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जो सार्वजनिक रूप से खुलेआम सड़क पर शराब पी रहे थे। वहां आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सभी को हिरासत में लेकर थाने लाया गया व उनका मेडिकल कराते हुए 34 पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया। नगर जोन में कुल 248 लोग पकड़े गए। कोतवाली नगर -24, विजयनगर-52, सिहानी गेट -35, नंदग्राम-64, कविनगर-20, मधुबन बापूधाम - 53, कुल झ 248 व्यक्तियों के विरुद्ध 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई गयी।

ग्रामीण जोन में इस खास अभियान में कुल 191 लोग पकड़े गए। थाना लोनी-22, थाना ट्रोनिका सिटी-09, थाना अंकुर विहार-15, थाना लोनी बॉर्डर-30, थाना मसूरी-14, थाना मुरादनगर-30, थाना मोदीनगर-21, थाना निवाड़ी-03, थाना भोजपुर-14, थाना वेव सिटी-08, थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक-25, कुल-191 व्यक्तियों के विरुद्ध 34 पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई गयी।

# नोएडा से लापता हुए चारों छात्र मिले, घर जाने से किया मना

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र स्थित बालक इंटर कॉलेज से लापता चारों छात्रों को पुलिस ने सकुशल पकड़ लिया है। एक छात्र को पुलिस से शुक्रवार की सुबह पकड़ा था। उससे पूछताछ करने पर तीन अन्य फरार छात्रों तक पुलिस ने पहुंचने में कामयाबी हासिल की। हालांकि खबर लिखे जाने तक छात्रों को दिल्ली से ग्रेटर नोएडा लाया नहीं जा सका है। पुलिस जांच में सामने आया है कि योजना बनाकर चारों छात्र ग्वालियर भाग गए थे। वहां से दिल्ली पहुंचे और कहीं और जाने की योजना बनाई।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **युनीस, पुत्रः बकर अली, पताः म. नं. 30/2, रवि दास गली, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **FIR No. 82/2021, U/s 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **युनीस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **युनीस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 82/2021, U/s 12/9/55 Gambling Act, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **युनीस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छाया त्यागी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
शाहदरा, कमरा नं. 03, द्वितीय तल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/375/SHD/2025


# नोएडा एयरपोर्ट से जल्द जुडेगा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे



**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** एनसीआर में हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच आवाजाही के लिए नया विकल्प तैयार हो चुका है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे को नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी के लिए 31 किमी लंबी लिंक रोड का काम अंतिम चरण में हैं।

बीच में बने पुल और संपर्क रोड को जोड़ने का काम चल रहा है। अप्रैल में एयरपोर्ट के शुरू होने से पहले यह काम पूरा हो जाएगा। लिंक रोड और यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ने को बनाए गए इंटरचेंज का निर्माण पूरा होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण से इसकी अनापत्ति के लिए आवेदन किया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा से फरीदाबाद के लिए अभी दिल्ली होकर या पेरिफेरल एक्सप्रेस वे होकर आवाजाही का विकल्प है। इसमें दूरी व समय अधिक लगता है, लेकिन नोएडा एयरपोर्ट की दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे से कनेक्टिविटी के लिए बल्लभगढ़ से जेवर तक बनाई जा रही लिंक रोड से आवाजाही के लिए एक और विकल्प मिलने जा रहा है। लिंक रोड से हरियाणा की ओर से सीधे एयरपोर्ट पर पहुंचा जा सकेगा। इसके साथ ही नोएडा ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद के बीच आवाजाही करने वालों के लिए भी रास्ता आसान हो जाएगा। 31 किमी लंबे इस मार्ग का आठ किमी हिस्सा उत्तर प्रदेश व शेष हरियाणा में है। यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया का कहना है कि लिंक रोड के बीच में जगह-जगह पुल बनाए गए हैं। पुल से सड़क को जोड़ने का काम हो रहा है।

अप्रैल में एयरपोर्ट शुरू होने से पहले इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। यमुना एक्सप्रेस वे पर एनएचएआई द्वारा दो सौ करोड़ की लागत से बनाए गए हैं। चार लूप के इंटरचेंज का निर्माण पूरा हो चुका है।

एनएचएआई ने एएआई में आवेदन कर इंटरचेंज के लिए अनापत्ति मांगी है। ताकि विमान के मार्ग में इंटरचेंज की ऊंचाई के कारण किसी तरह तरह की तकनीकी बाधा पैदा न हो। साठ मीटर चौड़ी सड़क से कनेक्टिविटी के लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो गया है।

# चाचा ने 5 साल की भतीजी की दुष्कर्म के बाद की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** साहिबाबाद लिंकरोड थानाक्षेत्र में तीन दिन से लापता पांच वर्षीय बच्ची का शव शनिवार सुबह करीब नौ बजे नाले के अंदर प्लास्टिक के बोरे में बंद मिला। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बच्ची के रिश्ते में चाचा लगने वाले बिहार के मूल निवासी को कौशांबी बस अड्डे के पीछे से मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। आरोपी ने बच्ची से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार की है। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि महाराजपुर क्षेत्र से एक पांच साल की बच्ची तीन दिन से लापता थी। जांच में पता चला कि 15 जनवरी की रात वह अपने रिश्ते के चाचा के पीछे-पीछे घर से गई थी। बताया कि सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगालने के बाद औधोगिक क्षेत्र स्थित नाले से शनिवार सुबह प्लास्टिक के बोरे में बंद बच्ची का शव बरामद हुआ। फुटेज में दिखने वाले संदिग्ध की तलाश शुरू करते हुए पुलिस कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे पहुंची, यहां आरोपी ने फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में आरोपी को भी गोली लगी। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने दुष्कर्म और उसके बाद हत्या कर नाले में शव फेकने की बात स्वीकार की है।

# आपके मोबाइल में भी है आधार और पैन कार्ड तो...

**नोएडा।** मोबाइल लूट के दौरान शातिर दोहरा नुकसान पहुंचा रहे हैं। मोबाइल के साथ-साथ यूपीआइ का भी दुरुपयोग कर रहे हैं। नोएडा में कई मामलों में मोबाइल लूटने के साथ-साथ यूपीआई से पैसे निकालने के कई केस सामने आ चुके हैं। पुलिस लोगों से मोबाइल को लूटने से बचाने के साथ-साथ मोबाइल में पड़े दस्तावेजों को भी हिफाजत से रखने पर जोर दे रही है ताकि मोबाइल लूट के साथ-साथ साइबर ठगी होने से भी बचा जा सके। ग्रेटर नोएडा के अमित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि दो जनवरी की शाम को उनकी पत्नी अनुपमा जोडिएक मार्केट के साप्ताहिक बाजार में गईं थीं।


## उत्तर रेलवे

### खुली ई–निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियंता/आरपीजे के तहत यूएमबी–एलडीएच खंड पर पुल संख्या 322–ए की वापसी दीवारों को मजबूत करना और पुल संख्या 385 के खंभो की जैकेटिंग। | ₹59,59,825/- | ₹1,19,200/- | 06 महीने | 11.02.2025 |
| 2. | सहायक मंडल अभियंता/यूएमबी के तहत एसएसई/आरवी/यूएमबी के अनुभाग में रेल विहार कॉलोनी में मौजूदा एसटीपी का विस्तार। | ₹2,50,02,062/- | ₹2,75,000/- | 06 महीने | 11.02.2025 |
| 3. | सीनियर डीईएन–II/यूएमबी के तहत एडीईएन/बीटीआई अनुभाग में टीआरआर और अन्य विविध कार्य। | ₹1,35,94,559/- | ₹2,18,000/- | 10 महीने | 11.02.2025 |
| 4. | सहायक मंडल अभियंता/शिमला के तहत कालका–शिमला खंड पर पुल संख्या 800 के लिए आधार, एबटमेंट और सुरक्षा कार्य प्रदान करने के लिए शेष कार्य। | ₹2,30,37,557/- | ₹2,65,200/- | 03 महीने | 11.02.2025 |
| 5. | सहायक मंडल इंजीनियर/अंबाला अनुभाग में लॉन, पार्क आदि के रखरखाव के लिए बागवानी कार्य। | ₹52,66,430/- | ₹1,05,300/- | 12 महीने | 11.02.2025 |
| 6. | सीनियर डीईएन–II/यूएमबी के सेक्शन में टीबीएसआर (एच–बीम)–528 नग। (DUI-JHL सेक्शन पर Br. No. 197A1, 215, 220A, 232, JHL-HSR सेक्शन पर Br. No. 3, 19-A और DUI-BTI सेक्शन पर Br. No. 292). | ₹1,52,04,226/- | ₹2,26,000/- | 10 महीने | 11.02.2025 |

**नोटः** 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट के द्वारा की स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

**खुली निविदा संख्या 56–अम्बाला/2024–25 दिनांकः 17.01.2025** 197/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली ने निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा आमंत्रित करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | दिल्ली मंडल के विभिन्न क्रू लॉबी में कम्प्यूटरीकृत क्रू प्रबंधन प्रणाली के लिए CRIS विनिर्देश संख्या 2007/CRIS/NDLS-HQ/CMS/Project/Rollout-II/0030/Pt-II, दिनांक 26.07.2024 या नवीनतम के अनुसार उनके फिटमेंट सहायक उपकरण के साथ पूर्ण CMS कियोस्क प्रणाली और टर्मिनल सपोर्ट सिस्टम (TSS) उपकरणों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और एकीकरण संबद्ध कार्य हेतू निविदा। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 49,77,453.82/– (जी.एस.टी. जोड़े हुये) |
| 3. | ब्याना राशि | रुपये 99,600/- |
| 4. | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | दिनांक 07.02.2025 को 15:00 बजे |
| 5. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर |

निविदा सूचना सं. NIT-5-2024-25-Elect-RSO, दिनांक 16.01.2025 194/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

पत्रांकः झाँसी/एच/जी.27/हाउस सर्जन/चयन दिनांकः 16.01.2025

### मंडल रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी में हाउस सर्जन के पदों पर चयन करने हेतु अधिसूचना

मंडल रेलवे चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे झाँसी में हाउस सर्जन के **कुल 08** स्वीकृत हैं। उक्त पद कार्य करने हेतु प्रत्येक माह के प्रथम कार्य दिवस (वर्ष 2025) अपरान्ह 15.00 बजे से आयोजित प्रवेश साक्षात्कार **(Walk-In-Interview)** के उपरांत नियमानुसार चयन किया जाएगा। निर्धारित तिथि को आवेदक सादे कागज पर दिए गए प्रारूप पर उल्लिखित सूचना एवं सभी आवश्यक अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रति सहित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, झाँसी में जमा करेंगे। चयन के समय पद रिक्त न होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को चयनित कर, प्रतीक्षा सूची के एक पैनल में रखा जाएगा, जो चयन की तिथि से छह माह तक वैध होगा। इस पैनल से वरिष्ठता के आधार पर चिकित्सालय में समय-समय पर होने वाली विभिन्न चिकित्सा विषयों की रिक्तियों को भरा जाएगा। यह विज्ञापन सूचना प्रकाश की तिथि से एक वर्ष तक वैध रहेगा।

**आयु सीमा** साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थी की आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को ऊपरी आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट दी जाएगी।

**न्यूनतम योग्यता** एम.बी.बी.एस. (चिकित्सा स्नातक) अभ्यर्थी को भारत के किसी राज्य चिकित्सा काउंसिल में पंजीकृत तथा अनिवार्य इंटर्नशिप साक्षात्कार की तिथि से पूर्व पूरा किया होना चाहिए।

**मानदेय** मंडल रेलवे चिकित्सालय, झाँसी में इंगेज्ड हाऊस सर्जन को उत्तर प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में कार्यरत मेडिकल रेजीडेंट (प्रथम वर्ष) हेतु निर्धारित वेतन के समान होगा।

**आवश्यक प्रमाण पत्र** (1) शैक्षणिक योग्यता की अंक तालिका (हाई स्कूल, एम.बी.बी.एस. के सभी प्रोफेशनल परीक्षा परिणाम की छाया प्रति। (2) अटेम्प्ट प्रमाण-पत्र। (3) इंटर्नशिप कम्पलीशन प्रमाण-पत्र। (4) एम.सी.आई. रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र। (5) आयु प्रमाण पत्र। (6) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र।

**नियम व शर्तें** (1) चयनित अभ्यर्थी को सूचना प्राप्ति के 07 दिन के अंदर मंडल रेलवे चिकित्सालय, झाँसी में रिपोर्ट करना अनिवार्य है। (2) हाऊस जॉब का सत्र नियुक्ति तिथि से एक वर्ष के लिए होगा, प्रत्येक एक वर्ष पूर्ण होने पर कार्य के मूल्यांकन के पश्चात कार्य संतोषजनक होने तथा अभ्यर्थी की सहमति पर अगले एक वर्ष के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर मध्य रेलवे झाँसी द्वारा अवधि विस्तार के लिए प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक को अग्रेषित किया जा सकता है। (3) इंगेजमेंट अवधि में प्राईवेट प्रैक्टिस पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होगा। (4) स्वयं की बीमारी की अवस्था में बहिरंग सेवाओं का निःशुल्क उपचार मंडल रेलवे चिकित्सालय, झाँसी में होगा। (5) एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान आठ दिन का अवकाश देय होगा। (6) हाऊस सर्जन को बहिरंग एवं अंतरंग ड्यूटी के साथ आपातकालीन ड्यूटी भी करनी होगी एवं ड्यूटी के दौरान चिकित्सालय में उपस्थिति अनिवार्य होगी। ड्यूटी के कार्यकाल का निर्धारण मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, झाँसी के निर्देशानुसार किया जाएगा। (7) इंगेजमेंट के पश्चात् कार्य भार ग्रहण करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा और न ही कोई रेलवे पास दिया जाएगा। (8) चौदह दिन की अग्रिम सूचना (दौनों पक्ष में से किसी भी द्वारा) देने के पश्चात् सेवा समाप्त की जा सकती है। हाऊस सर्जन की तरफ से सूचना देने के उपरांत अनुपस्थित रहने की स्थिति में पूर्व किए गए कार्य की अवधि में से 15 (पंद्रह) दिन के वेतन की कटौती कर ली जाएगी।

**आवेदन पत्र का प्रारूप** नाम, पिता/पति का नाम, स्थायी एवं अस्थायी पता, मोबाइल नं./टेलीफोन, दो पास पोर्ट साईज का नवीनतम फोटो (स्वहस्ताक्षरित), जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, इंटर्नशिप पूर्ण होने की तिथि, हाई स्कूल परीक्षा का अंक प्रमाण पत्र, एम.बी. बी.एस. डिग्री/प्रमाण पत्र, एम.बी.बी.एस. के फाईनल परीक्षाफल का प्रमाण पत्र, प्रत्येक विषय के परीक्षा उत्तीर्ण करने में अतिरिक्त प्रयासों की संख्या, इंटर्नशिप प्रमाण पत्र, एम.सी.आई. पंजीकरण, अ.ज./अ.ज.जा. से संबंधित प्रमाण पत्र की छाया प्रतियाँ अवश्य संलग्न करें। मौखिक परीक्षा के समय सभी मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। यह विज्ञापन उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailway.gov.in** पर उपलब्ध है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर मध्य रेलवे, झांसी

102/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर रेलवे

### खुली ई-निविदा सूचना

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा कार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्याः NR-Proj-UMB-25007**

**कार्य का नामः-** उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन (197 आरकेएम/394 टीकेएम) के दिल्ली–पानीपत–अम्बाला खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री-बिड कांफ्रेस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 92.51 Cr. | 47,75,900/- | 24 | Nil | 28.02.2025 at 15 :00 hrs | 28.02.2025 at 15:30 hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंट %** | **सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स आक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृतिः** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2X25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग".

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in**. पर उपलब्ध है और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

नोटः –तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं।

**सं.: NR/Proj/UMB/Advt./03 दिनांकः 17.01.2025** 198/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव झुण्डपुर में कण्डम किए गए औड़ राजपुत चौपाल की बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 24.01.2025 को सुबह 11:00 बजे सामान्य चौपाल में की जानी निश्चित की गई है। जिसकी जमानत राशि मु0 20000/रू0 है। नियम व शर्ते मौके पर सुना दी जाऐगी।
सरपंच,
**ग्राम पंचायत झुण्ड़पुर**
**खण्ड-मुरथल।**
**मोबाईल नं0 9992194925**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगरः आजादपुर मंडी में मुकेश गोयल की विशाल जनसभा का आयोजन

- मुकेश गोयल का व्यापारियों ने किया भव्य अभिनंदन
- मुकेश गोयल ने विरोधियों पर फिर किया जोरदार पलटवार






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव प्रचार को धार दे दी है। नुक्कड़ सभा, डोर-टू-डोर अभियान चलाने के साथ-साथ मुकेश गोयल आजादपुर मंडी पहुंच गए। मंडी के ही शमीम भाई ने एक बैठक का आयोजन किया। इस दौरान मुकेश गोयल ने व्यापारियों, आढ़तियों, मजदूरों की बातें सुनीं और आश्वासन दिया कि चुनाव में जीत दर्ज करने के उपरांत सभी समस्याओं को समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाएगा।

**मुकेश गोयल का आजादपुर मंडी में हुआ भव्य अभिनंदनः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपनी नीतियों को व्यापरियों के बीच लेकर पहुंचे। मुकेश गोयल का आजादपुर मंडी पहुंचने पर जोरदार स्वागत और अभिनंदन हुआ। इस मौके पर मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरी आजादपुर मंडी आम आदमी पार्टी के रंग में नजर आ रहा था।

**मुकेश गोयल को मिला प्रधान राजू कोहली का साथः** आजादपुर मंडी में एपीएमसी कमेटी के सदस्य और आदर्श पंजाबी कल्चरल सोसाइटी के प्रधान राजू कोहली ने एकतरफा समर्थन देने का निर्णय ले लिया है। श्री कोहली ने कहा कि मैं ये बात कभी नहीं भूल सकता कि मुकेश जी ने मेरे पिता को सम्मान दिया। यही कारण है कि मैं, मेरा पूरा परिवार और मुझसे जुड़े सभी लोग मुकेश जी का समर्थन करते हैं। श्री कोहली ने वादा किया कि मुकेश गोयल भारी मतों से आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बनेंगे और क्षेत्र की समस्याओं का निवारण करेंगे।

**व्यापारियों, आढ़तियों ने मुकेश गोयल के सामने रखीं समस्यीं, मिला समाधान का आश्वासनः** इस मौके आजादपुर मंडी के व्यापारियों, आढ़तियों ने आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल के समक्ष मंडी की सार समस्याएं रखीं। मुकेश गोयल ने भी सभी समस्याओं को सुना और वादा किया कि सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। मैं जो भी वादे करूंगा चुनाव जीतने के उपरांत सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**मुकेश गोयल ने विरोधियों को फिर लिया आड़े हाथोंः** जनसभा के दौरान मुकेश ने एक बार फिर विरोधियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राज कुमार भाटिया को मीठी छुरी की संज्ञा दी। साथ ही ये भी कहा कि इनसे बचकर रहना। बहुत मीठा होना भी बीमारी का कारण बनता हैं।




# जहांगीरपुरी एच ब्लॉक में कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क

- कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने की जनता से वोट की अपील
- दादा और पोते की जोड़ी ने मचा रखी है धूम








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। डोर-टू-डूोर कैंपन, जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में आर्दश नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी सरगर्मियां बढ़ा दी है। कड़कड़ाती ठंड में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभव से लोगों के बीच अपनी बात रख रहे हैं। इस दौरान शिवांक सिंघल को जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्रीय लोग फूल-मालाओं से शिवांक सिंघल का अभिनंदन कर रहे हैं।

**जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता का मिल रहा प्यार**
शिवांक सिंघल ने पार्टी से टिकट मिलने के बाद ही जनता के बीच अपनी मौजदूगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। पदयात्रा के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान कर लोगों से समर्थन की अपील कर रहे है। जनता भी शिवांक सिंघल को अपना भरपूर प्यार दे रही है। जनसंपर्क के दौरान लोग कहते हुए देखे जा सकते हैं कि शिवांक हमारे बीच का बच्चा है। क्षेत्र की समस्याओं से पूरी तरह से वाकिफ है, हमारा प्यार और आशीर्वाद शिवांक सिंघल के साथ है।

**लोगों से घर घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन से लेकर दिल्ली जल बोर्ड



में भारी घोटाला हो रहा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किया है और मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद अमलीजामा पहनाउंगा। शिवांक सिंघल ने जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में किए कई घोटाले, मुख्यमंत्री जेल की खा चुके हैं हवाः** जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि.दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए। आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है।

मंगत ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने सिर्फ घोटाले किए। घोटाले के नए लाईन लगा दी। शराब से लेकर शिक्षा क्रांति की दुहाई देने वाले केजरीवाल सरकार ने क्लासरूम बनवाने में घोटाला किया। आबकारी नीति घोटाला, स्कूल घोटला, दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला और तो और अपने लिए 53 करोड़ का शीशमहल बनवाया। मंगत राम सिंघल ने कहा कि कांग्रेस ने शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को जेल भेजवाया। कांग्रेस ने आबकारी नीति पर सवाल उठाए था। दिल्लीवासियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। केजरीवाल सिर्फ और सिर्फ भ्रामक बाते करते हैं। अब केजरीवाल घरों में नलों से पानी पहुंचाने के लिए और पांच साल मांग रहे हैं। पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार दिल्ली की सत्ता से केजरीवाल एंड कंपनी को बेदखल करने के ठान लिया है।





## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित सुमित निवासी पलड़ी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सेक्टर-7 यूनिट में तैनात सिपाही अमित ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान पलड़ी बस अड्डे के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक की अवैध हथियार सहित होने की सूचना मिली थी। टीम ने आरोपित को काबू कर तलाशी ली। उसके पास एक पिस्तौल व दो जिंदा रौंद मिले थे। आरोपित की पहचान अंकित के रूप में हुई थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कार्यालय के बाहर से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में कंपनी के बाहर से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। कर्मचारी ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। देव नगर निवासी बालेंद्र ने बताया कि वह ओमेक्स सिटी स्थित परफेक्ट फायर सोल्यूशन में बतौर डाटा एंट्री आपरेटर कार्य करते है। वह कार्यालय पर गए तो बाइक को बाहर खड़ा कर दिया। काम खत्म कर जब बाहर आए तो बाइक वहां पर नहीं मिली। आसपास के लोगों से भी बाइक के बारे में पूछा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। बाइक को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर बहालगढ़ थाना पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी। जल्द ही चोर का पता लगाकर बाइक बरामद कर ली जाएगी। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है।

### अलग-अलग स्थानों से शिक्षा के मंदिरों से सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** सदर थाना व मोहाना थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर स्थित शिक्षा के मंदिरों से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। गांव ठरू उल्दीपुर और पिनाना के राजकीय स्कूलों को निशाना बनाया है। संबंधित थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमें दर्ज कर लिए है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव पिनाना स्थित राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूल में घुसकर चोर सामान चोर कर ले गए। स्कूल इंचार्ज बबीता रानी ने मोहाना थाना पुलिस को बताया कि चोर स्कूल के कार्यालय का ताला तोड़कर जहां से एलईडी टीवी, सेट-टॉप बॉक्स और दो रिमोट चोरी हो गए। स्कूल के स्वीपर ओमबीर ने चोरी की सूचना दी। जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव ठरू उल्दीपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय की मुख्याध्यापिका राजेश बाला बताया कि मिड डे मील की रसोई का ताला तोड़कर चोर सामान चोरी कर ले गए। चोर स्कूल से दो गैस सिलेंडर, दो बड़े कूकर, दो बड़े ढक्कन वाले पतीले, स्टील का जग, बड़ा डोना, दो बड़ी कड़छी, चावल छलनी, लोहे का पलटा, 10 स्टील थाली, 50 स्टील गिलास, बर्तन रखने के दो टोकरे, दो चाय के पतीले व अन्य चोरी मिला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# योग के संकल्प से दुनिया का ताकतवर देश बनेगा भारत: ढांडा

**हमें योग का सहारा लेकर अपनी सकारात्मक दृष्टि को योग में लगाना है: महिपाल**

**सबल प्रयास**

**प्रधानमंत्री के सबल प्रयास से देश एक बार फिर विश्व गुरू बनाने की तरफ बढ़ रहा है**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**हरियाणा** के शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को स्थानीय आर्य कन्या पब्लिक स्कूल के सभागार से राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार अभियान-2025 की शुरूआत करते हुए कहा कि जब देश का बच्चा बच्चा योग का संकल्प लेगा तो देश-दुनिया में भारत सबसे ताकतवर देश बनेगा। इस विचार को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक पहुंचते-पहुंचते भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। यह भारत की दुनिया को चुनौती है। योग का इसमें अहम योगदान रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग दुनिया में लागू हुआ है। हमें मन, वचन व कर्म से इसे योग को अपनाना चाहिये। अच्छे विचारों से दुनिया बची है दुनिया का कल्याण योग में निहित है। मंत्री का शिक्षा, आयुष व योग आयोग द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सैंकड़ों बच्चों ने सूर्य नमस्कार की अनेक विधाओं का प्रस्तुति कार्यक्रम में दी। हरियाणा के शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। हमें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिये। पहला सुख निरोगी काया है। योग रोग को काटने का मंत्र है। वर्तमान समय में देश-दुनिया ऐसी परिस्थितियों के दौर से गुजर रही है की इसके लिए योग ही एक मात्र जरिया है जो विश्व में शांति की स्थापना कर सकता है।

प्रधानमंत्री के सबल प्रयास से देश एक बार फिर विश्व गुरू बनाने की तरफ बढ़ रहा है। आज हर व्यक्ति की योग को प्राथमिकता दी जा रही है। शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि योग स्वयं के साथ जुड़ने का जरिया है। हमें योग का सहारा लेकर अपनी सकारात्मक दृष्टि को योग में लगाना है। रोजना समय निकाल कर कम से कम 20 से 25 बार सूर्य नमस्कार करना है। शिक्षा के पाठ्यक्रम में योग को जोड़ा गया है। भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम होंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि योग मुनियों का विचार है जिसे सरकार ने धरातल के साथ जोड़ा है। हमें इसका आभास होना चाहिये कि योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। तनाव कम होता है। यही नहीं योग से हृदय गति नियंत्रित और रक्तचाप नियंत्रित रहता है। पाचन तंत्र, प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। खास बात यह है कि योग से आत्मविश्वास बढ़ता है। शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि योग के जरिये ही हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं। जब हम लक्ष्य निर्धारित करके कार्य करेंगे तो हम सफलता के हर बिंदु को छू सकते हैं व सफलता हमारी मुट्ठी में होगी। वर्तमान समय में दुनिया को योग की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्थक प्रयासों से योग पूरी दुनिया में पहुंच चुका है।

# ठेका सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** सीटू से संबंधित शहरी ठेका सफाई कर्मचारियों ने सोनीपत से विधायक निखिल मदान के कार्यालय के बाहर अपनी समस्या बारे प्रदर्शन किया। ठेका सफाई कर्मचारियों सुबह 11 बजे अग्रसेन चौक पानी की टंकी पर इकट्ठा हुए। वहां से प्रदर्शन करते हुए निखिल मदान के कार्यालय के बाहर पहुंचे विधायक दिल्ली विधानसभा इलेक्शन में बीजेपी होने के करना उनके निजी पीये सुरेश भारद्वाज ने ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या सुनी और आश्वासन दिया है कि विधायक ठेका सफाई कर्मचारियों के साथ है।आज शाम तक विधायक से फोन पर संपर्क करके ठेकेदार को बुलाया जाएगा ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान जल्द ही कराया जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन प्रधान अजय कुमार टॉक ने की। सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा की ठेका सफाई कर्मचारियों का दो महीने से रुका हुआ वेतन दिलाया जाए। ठेका सफाई कर्मचारियों को उनका 4 साल से रुका हुआ करोड़ो रुपए का एरियर दिलाया जाए। ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान जल्द कराया जाए। सफाई कर्मचारियों का 26 हजार रुपए न्यूनतम वेतन लागू किया जाए।नगर निगम व पीसीसी कंपनी द्वारा बदले की भावना से की गई कार्रवाई को रद्द करवाया जाए। हटाए गए कर्मचारियों को वेतन सहित काम पर लगवाया जाए। प्रदर्शन को संबोधित करती हुई सीटू राज्य उपप्रधान सुनीता,सीटू जिला सचिव राजेश टोकी,सीटू जिला उपप्रधान नवीन चांवरिया,सुनीता,विजय ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया कहां की जल्द ही ठेका सफाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान कराया जाए नहीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# मादक पदार्थ तस्करी व पांच हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** क्राइम यूनिट वेस्ट सोनीपत टीम ने मादक पदार्थ तस्करी करने व पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित लाखा निवासी संगरूर पंजाब का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सहायक उप निरीक्षक सुनील की टीम गत 13 मार्च 2024 को गांव बड़वासनी के पास मौजूद थी। टीम ने संदिग्ध हालत में कार खड़ी हुई मिली। उसके पास जाकर देखा तो उसमें नशीला पदार्थ मिला। जांच की तो कट्टे में अलग-अलग किलो के हिसाब से नशीला पदार्थ मिला। जिसका वजन किया तो कुल 192 किलो से ज्यादा नशीला पदार्थ था। इस संबंध में सदर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित की तलाश के लिए पुलिस विभाग व उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था। उपनिरीक्षक ओमबीर की टीम ने पांच हजार रुपये के ईनामी तस्कर लाखा को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

# हरियाणा में महिला एएसआई के पति की अमेरिका से गुहार

**गंभीर आरोप**

**महिला पुलिस कर्मचारी ने अपने पति के विदेश में भागने व दूसरी शादी रचाने सहित आरोप लगाएं**



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

**हरियाणा** में एक महिला एएसआई के पति के विदेश जाने के बहुचर्चित मामले में नया मोड़ सामने आया है। महिला पुलिस कर्मचारी ने अपने पति के विदेश में भागने व दूसरी शादी रचाने समेत देवर पर रेप के आरोप व ससुराल वालों पर दहेज की मांग करने का केस दर्ज करवाया है। इस मामले में महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने भी पिछले दिनों महिला एएसआई की सुनवाई करते हुए पति को डिपोट करवाने की बात कही है। जिसके बाद पति ने अपनी एक वीडियो जारी कर उसकी भी सुनवाई करने की गुहार लगाई है। साथ ही परिवार भी पानीपत पहुंचा और वकीलों से सलाह की। इस दौरान यहां परिवार ने मीडिया के सामने पूरी कहानी बताई। परिवार ने कहा कि अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उनके परिवार के पास भी सुसाइड करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। जानकारी देते हुए रानी देवी ने बताया कि वह सफीदो जींद की रहने वाली है। वह 6 बच्चों की मां है। जिनमें उसने अपने बेटे अमनदीप की शादी शीतल (बदला हुआ नाम) और दूसरे बेटे रमनदीप की शादी शीतल की बहन सुमन (बदला हुआ नाम) निवासी जिला करनाल के साथ 11 जुलाई 2013 को की थी। उसके बेटे अमनदीप की पत्नी शीतल हरियाणा पुलिस में महिला एएसआई के पद पर तैनात है। अमनदीप और शीतल की आपस में नहीं बनी। जिसके बावत शीतल ने सितंबर 2015 में दहेज का एक मुकदमा जींद के महिला थाना में पति के अलावा सास व ननदों के खिलाफ दर्ज करवाया था। साथ ही उसकी बहन सुमन ने भी पति रमनदीप और परिवार के सभी सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। उपरोक्त मुकदमों में उनका राजीनामा हो गया था, जिसके बाद वे मुकदमे से बरी हो गए थे। शीतल ने जींद कोर्ट में बच्चे का खर्चा लेने बावत, जमीन में हिस्सा लेने के लिए केस डाला हुआ है।

# धन्सौली के 10 छात्रों ने पहले राउंड में मारी बाजी

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )



सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धन्सौली के 10 छात्रों ने बुनियाद स्कॉलरशिप के पहले चरण को सफलता पूर्वक पार किया है। यह उपलब्धि पूरे स्कूल और गांव के लिए गर्व की बात है। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू चौधरी ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "यह सफलता छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों की इस सफलता के पीछे विद्यालय के शिक्षक सोनू, राजेश और जितेंद्र कुमार का अहम योगदान रहा। इन शिक्षकों ने छात्रों को गहराई से समझाया और उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी मेहनत और समर्पण को प्रधानाचार्या और छात्रों ने दिल से सराहा। सफलता से उत्साहित छात्रों ने अपने शिक्षकों और प्रधानाचार्या का धन्यवाद करते हुए कहा, "हमें सही दिशा दिखाने और प्रोत्साहित करने के लिए हम अपने शिक्षकों और प्रधानाचार्या के आभारी हैं। उन्हीं मेहनत और समर्थन के बिना यह संभव नहीं था। यह सफलता न केवल छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम है। प्रधानाचार्या ने आशा जताई कि दूसरे चरण में भी छात्र इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**परिणाम**

**"यह सफलता छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है**

# जिला कारागार में पांच दिवसीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती 12 फरवरी तक हर घर सूर्य नमस्कार अभियान चलाया गया है। जिसमें हरियाणा योग आयोग और आयुष डिपार्टमेंट की तरफ से प्रत्येक को सूर्य नमस्कार और अपने महापुरुषों की जीवनी के बारे में बताया गया। इस अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक योग को पहुंचना है और स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है। योग सहायक नीरज लुहारी टिब्बा, पवन एवं जोगिंदर कुमार ने पुरुष कैदियों को योग करवाया। जेल में कैदियों एवं जेल स्टाफ ने लगभग 350 ने सूर्य नमस्कार का लाभ प्राप्त किया और जो अच्छे योग करने वाले तीन योग साधक होंगे। उनको सम्मानित भी किया जाएगा। सूर्य नमस्कार अभियान आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के दिशा निर्देश व जिला आयुर्वेदिक ऑफिसर डॉक्टर बलविंदर वह नोडल अधिकारी डा. विनोद की देखरेख में पूरे सोनीपत में सूर्य नमस्कार का अभियान चलाया गया है। सोनीपत जिला कारागार में सुपरिटेंडेंट राजेंद्र सिंह डेप्युटी सुपरिटेंडेंट संदीप कुमार की अध्यक्षता में योग ट्रेनर पवन कुमार, नीरज कुमार, जोगेंद्र कुमार, कृष्णा देवी, निशा देवी ने जिला सोनीपत की जेल में पुरुष और महिलाओं को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। वह योग के महत्व को बताया। योग से हम अपने शरीर को स्वस्थ कैसे बना सकते हैं।

**अभियान**

**आयुष डिपार्मेंट की तरफ से प्रत्येक को सूर्य नमस्कार और अपने महापुरुषों की जीवनी के बारे में बताया**

# ट्रक से बैटरी चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के बीसवां मिल चौक के पास खड़े ट्रक से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग मिल सके। ढाणी भांबू हनुमानगढ़ राजस्थान निवासी भगवानराम ने बताया कि वह कि वह गंगानगर से मूंग लोड कर चला था। वह जीटी रोड पर राई के पास पहुंचा। जहां ट्रक को बीसवां मील के पास ट्रक सड़क पर खड़ा करके सो गया। सुबह उठ कर ट्रक स्टार्ट करने लगे तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ।

# जरूरतमन्द की सेवा भगवान की पूजा है: प्रवीण जैन

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**समाज** सेवा संगठन की ओर से 18 जनवरी रविवार को थर्मल के पास झुग्गी झोपड़ी व गांव खुखराना में जरूरत मन्द बच्चों को गर्म सूट जैकेट वितरण किए, अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की शुरूआत की थी। उसी कड़ी में आज थर्मल के पास झुग्गी झोपड़ी में व खुखराना में जरूरत मन्द बच्चों को गर्म सूट जैकेट वितरण की जैन ने कहा संगठन ने मकर संक्रांति पर अग्रवाल मण्डी कार्यालय पर बुजुर्ग महिलाओं को शाल कम्बल वितरण कर समापन किया था। लेकिन ज्यादा ठंड को देखते हुए अभियान को आगे बढ़ाते हुए गर्म कपड़े वितरण किए जैन ने कहा देने के लिए दान लेने के लिए ज्ञान त्यागने के लिए अभियान की राह पर चल रहा है। सर्दी बहुत ज्यादा है हमारे बच्चे घरों में रहते है सभी सुख सुविधा होने के बावजूद भी ठंड नहीं जाती और झुग्गी झोपड़ी में छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनके तन पर पूरे कपड़े भी नहीं होते और स्लिम बस्तियों में मजदूरों के छोटे छोटे बच्चे रहते हैं जिनका इतना जुगाड़ नहीं होता। जो सभी जरूरत पूरी कर सके हम सबका फर्ज बनता है जितना हो सके हम सहयोग करें नर सेवा ही नारायण सेवा है जरूरत मन्द की सेवा भगवान की पूजा है। और इसी कड़ी में 19 जनवरी रविवार इसराना के पास राम भट्ठे पर आस पास के जरूरत मन्द बच्चों व महिलाओं को को गर्म कपड़े वितरण किए जाएंगे। किसी भी साथी की नॉलेज में ऐसा कोई जरूरत मन्द है जिसको गर्म कपड़े की जरूरत है 9812863034 पर संपर्क करें और पुण्य के भागी बने। इस मौके पर प्रवीण जैन, नीरज जैन, विशेष जैन, शिवम् अनिल भोला, कंचन आदि मौजूद रहे।



**संपर्क करें**

**कोई जरूरत मन्द है जिसको गर्म कपड़े की जरूरत है 9812863034 पर संपर्क करें**

# ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि मनाई

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार



**अम्बाला:** नारी शक्ति का विश्व का सबसे बड़ा और विशाल संगठन की नींव रखने वाले ब्रह्माकुमारीज संस्थान के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की 18 जनवरी को 56वीं पुण्य तिथि मनाई। इसे लेकर दयाल बाग सेवाकेंद्र सहित अन्य सभी सेवाकेंद्रों को विशेष फूलों से सजाया गया। बाबा की याद में 1 जनवरी से सभी परिसरों में विशेष योग-तपस्या जारी है। मौन योग साधना से बाबा को अपनी पुष्पांजली अर्पित की। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने बताया 18 जनवरी 1969 को 93 वर्ष की आयु में ब्रह्माकुमारीज के साकार संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने संपूर्णता की स्थिति प्राप्त कर देह त्यागी। बाबा की त्याग-तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है।

नारी नरक का द्वार नहीं सिर का ताज है, नारी अबला नहीं सबला है, वह तो शक्ति स्वरूपा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी के उत्थान के संकल्प के साथ उसे समाज में खोया सम्मान दिलाने, भारत माता, वंदे मातरम् की गाथा को सही अर्थों में चरितार्थ करने वर्ष 1937 में उस जमाने के हीरे-जवाहरात के प्रसिद्ध व्यापारी दादा लेखराज कृपलानी ने परिवर्तन की नींव रखी। नारी उत्थान को लेकर उनका दृढ़ संकल्प ही था कि उन्होंने अपनी सारी जमीन-जायदाद बेचकर एक ट्रस्ट बनाया और उसमें संचालन की जिम्मेदारी नारियों को सौंप दी। इतने बड़े त्याग के बाद भी खुद को कभी आगे नहीं रखा। लोगों में परिवारवाद का संदेश न जाए इसलिए, बेटी तक को संचालन समिति में नहीं रखा। उन्होंने अपने जीवन में जो मिसाल पेश की उसे आज भी लाखों लोग अनुसरण करते हुए, राजयोग के पथ पर आगे बढ़ते जा रहे हैं। संस्थान की मुख्य शिक्षा और नारा है- स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना।

**60 वर्ष की उम्र में रखी बदलाव की नींव-** 15 दिसंबर 1876 में जन्मे दादा लेखराज (ब्रह्मा बाबा) बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि और ईमानदार थे। उन्होंने परमात्म मिलन की इतनी लगन थी कि अपने जीवन काल में 12 गुरु बनाए थे। वह कहते थे कि गुरु का बुलावा मतलब काल का बुलावा। 60 वर्ष की आयु में वर्ष 1936 में उनको दुनिया के महाविनाश और नई सृष्टि का साक्षात्कार हुआ। इसके बाद उन्होंने परमात्मा के निर्देशन अनुसार अपनी सारी चल-अचल संपत्ति को बेचकर माताओं-बहनों के नाम एक ट्रस्ट बनाया, उस समय संस्थान का नाम ओम मंडली था।

**अध्यात्म**

**तपस्या का परिणाम है कि खुद पीछे रहकर नारी शक्ति को आगे बढ़ाया और आज पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति अध्यात्म का परचम फहर रहा है**

# युवाओं को नशे और शराब से दूर रहने व शराब पीकर ड्राइविंग नहीं करने का संदेश दिया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )

**नेहरू** युवा केंद्र माय भारत पानीपत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा यातायात पुलिस पानीपत के सहयोग से मिलकर 17 से 23 जनवरी 2025 तक यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इस अभियान के पहले दिन, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में युवा स्वयंसेवकों को यातायात पुलिस पानीपत के ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर कर्मवीर व आर्य स्कूल के अध्यापक प्रवीण वर्मा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इसके बाद, जी.टी रोड पर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी श्रीमती स्नेह लता ने युवाओं से अनुरोध किया कि वे अपने माता-पिता और अन्य परिवार के सदस्यों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करें। केंद्र के कार्यालय कार्यकारी एन.वाई.सी सार्थक ने युवाओं को नशे और शराब से दूर रहने व शराब पीकर ड्राइविंग नहीं करने का संदेश दिया।



# एमपी के प्रतिनिधियों ने किया हरियाणा राजभवन का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। शिक्षा मंत्रालय** भारत सरकार के द्वारा आयोजति युवा संगम चरण पांच के अंतर्गत हरयिाणा राज्य के दौरे पर आए मध्य प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने हरयिाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हरियाणा के राजभवन का विशेष दौरा किया। इस दौरे में सम्मलित प्रतिभागियों को हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के साथ संवाद का अवसर भी प्राप्त हुआ। राज्यपाल के साथ संवाद में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू), अमरकंटक के शैक्षणकि व शिक्षणेत्तर सहयोगियों व विद्यार्थियों से, राज्यपाल ने हरियाणा में उनके अनुभवों के बारे में पूछा और उन्हें मध्य प्रदेश और हरियाणा में जीवन के बीच



सांस्कृतिक और सामाजिक दोनों तरह के बदलावों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, उन्हें भारत के गौरवशाली इतहिास को जानने और उसपर गर्व करने के लिए प्रेरित किया। मुलाकात में सम्मलिति प्रतिभागियों ने भी हरियाणा की विरासत, आतिथ्य और विकास के अनूठे पहलुओं की सराहना करते हुए अपने अनुभव राज्यपाल महोदय से साझा किए।

हरियाणा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने मध्य प्रदेश के प्रतिनिधियों की शानदार मेजबानी करने और इस समृद्ध अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए माननीय राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने आपसी समझ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में इस तरह के संवाद को बेहद उपयोगी बताया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने यात्रा के सफल समापन पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए समय प्रदान करने के लिए राज्यपाल के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि अवश्य ही यह यात्रा हरियाणा और मध्य प्रदेश के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों राज्यों के युवाओं के बीच गहरे संबंध को बढ़ावा देने मददगार साबित होगी। हकेंवि में एक भारत श्रेष्ठ भारत प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीना ने इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और अपनी टीम के साथ यात्रा का समन्वय किया। हकेंवि में पर्यटन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास सिवाच और वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा सुश्री प्रेरणा ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. मीना ने बताया कि मध्य प्रदेश के प्रतिनिधि बीती 12 जनवरी 2025 को हरियाणा पहुंचे और उनकी यात्रा 18 जनवरी, 2025 को हकेंवि की एक भारत श्रेष्ठ भारत टीम द्वारा आयोजित ध्वज-प्रक्षेपण समारोह के साथ संपन्न हुई। यह यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत भारत के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश भर के युवा नागरिकों के बीच एकता और राष्ट्रीयता की भावना को बल प्रदान करने के उद्देश्य से चल रहे सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# ब्रह्मा बाबा का जीवन त्याग तपस्या का स्वरूप था: विधायक देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । प्रजापिता** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गन्नौर सेवा केंद्र पर शनिवार को प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 56वां पुण्य स्मृति दिवस, विश्व शांति के रूप में उत्साह से मनाया गया। सभी ब्रह्माकुमार, ब्रह्माकुमारी द्वारा विश्व को शांति दान मेडिटेशन द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में हलका विधायक देवेंद्र कादियान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। सेवाकेंद्र संचालिका बीके अर्चना दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा का वास्तविक नाम लेखराज कृपलानी था और जब परमात्मा शिव का अवतरण हुआ तो प्रजापिता ब्रह्मा बाबा कहलाये। ब्रह्मा बाबा कर्म से सिखाने में विश्वास रखते थे। उन्होंने बच्चों,



युवाओं, वृद्धों और महिलाओं में आध्यात्मिकता का संचार किया और एकता का पाठ पढ़ाया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि ब्रह्मा बाबा ने समाज को शांति का संदेश दिया और मानवता का पाठ पढ़ाया। साथ ही लोगों को सद्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें सुख देती है। उनका जीवन त्याग तपस्या का स्वरूप था। उन्होंने अपना सारा जीवन ईश्वर अर्पण कर दिया। कादियान ने कहा कि गन्नौर के विकास को लेकर उचित कदम उठाए जा रहे है। शहर में अमृत योजना के तहत पाइप लाइन दबाने का जल्द काम शुरू होगा। बस अड्डा का नवीनीकरण किया जाना है। इस तरह अनेक कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। मंच संचालक संदीप सिंघल ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का आत्म स्मृति तिलक और बैच लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुदेश दीदी, प्रीति दीदी, अंकित मल्होत्रा, रामेश्वर, रविंद्र वर्मा, बाबूराम भाई, राजेश अत्री, सुशील, कमल, रामकुमार, विक्रम आंतिल आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली कर्मचारी पर कुल्हाड़ी से हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बाल** राजपुताना गांव में बिजली कर्मचारियों पर जानलेवा हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। गांव में मीटर बदलते समय बिजली विभाग के दो कर्मचारियों पर कुल्हाड़ी और चाकू से हमला किया गया। यह घटना 17 जनवरी को शाम करीब 5 बजे की है। हमले से पहले मीटर तोड? का वीडियो भी सामने आया है। घटना को लेकर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम मूनक के एसडीओ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार 16 जनवरी की रात को गांव बाल राजपुताना में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घरों के बाहर खंभों पर लगे मीटर तोड़ दिए। 17 जनवरी को बिजली विभाग के दो कर्मचारी एएलएम संदीप और मोनू कुमार गांव में रोडो वाला कुआं के पास टूटे मीटर बदल रहे थे।

### माता भूरा भवानी मंदिर परिसर में दूसरे दिन भी कथा रहीं जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। माता भूरा भवानी मंदिर** परिसर सिसोठ में महंत शक्ति नाथ महाराज के सानिध्य में 17 जनवरी से चल रही साप्ताहिक श्रीमद्भागवत गंगा ज्ञान कथा के दूसरे दिन कथा न्यास निमार्हानंद महाराज नंगली ने ध्रुव चरित्र कथा और प्रहलाद चरित्र का वर्णन किया। कथा में जसराम ढोलकिया और सुरेश कुमार ने संगीत की धुन के साथ कथा में रंग जमाया। कथा में सतबीर भगत और उनकी पत्नी कृष्णा देवी यजमान बने। कथा में ध्रुव चरित्र प्रसंग सुनाया गया कि ध्रुव चरित्र में गुरु भगती का नारद उसको कैसे मंत्र दीक्षा दी और कैसे उसने भगवान को सिमरन भजन करके प्रसन्न किया। इसके बाद प्रहलाद चरित्र का प्रसंग हुआ कि कैसे उसने राम नाम के बल पर हिरण्यकशिप जैसे अत्याचारी का अत्याचार सहन किया, फिर बलि चरित्र की कथा आई कि कैसे उसने दान के बल पर भगवान को प्राप्त किया तो ऐसे ही सत्य, नामजप, दान ये सब आत्मा की मोक्ष का कारण बनते हैं। मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओं ने कथा को बड़े आनंद पूर्वक सुना। इस अवसर पर राज परमानंद महाराज, सावित्री, रतनलाल शर्मा, रणधीर सिंह, सतबीर, आजाद, बजरंगी, टोनी, बिमला, रचना, विनोद, राधेश्याम, पूर्व सरपंच केला देवी, भूतपूर्व सरपंच तारावती, फूलवती, शांति, इन्द्रा, मीनू, नगीना, रेखा, राजेश, धोली, ज्योति, मनी, संतोष, चन्द्रों, माया, लाली, सुनीता, रितु, कमला, राजबाला, सावित्री, ओम, पिंकी उपस्थित रही।

### सूर्य नमस्कार से बच्चों को मिला योग का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़। राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय ढाढोत में आयुष विभाग द्वारा हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 12 जनवरी से 12 फरवरी तक चलने वाले सूर्य नमस्कार अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आम जन को योग की महत्ता से अवगत कराना और उन्हें इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के दौरान, आयुष योग सहायक ने स्कूली बच्चों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाओं से परिचित कराया। प्राचार्य अजीत सिंह यादव ने बच्चों को सूर्य नमस्कार के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में बताया और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से शरीर और मस्तिष्क दोनों को लाभ मिलता है और यह एक बेहतरीन व्यायाम है, जो हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स हरियाणा जिला कॉर्डिनेटर एवं कार्यक्रम संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है।

# महाकुंभ मेलो के लिए स्पेशल ट्रेन चलवाने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। लोहारू**-महेंद्रगढ़-रेवाड़ी रेलमार्ग पर प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए स्पेशल ट्रेन चलवाने को लेकर दैनिक रंलयात्री महासंघ ने स्टेशन अधीक्षक निरंजन को रेलमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा हैं। महासंघ ने ज्ञापन की एक-एक प्रति महाप्रबंधक जयपुर जोन, डीआरएम बीकानेर मंडल व उच्च अधिकारियों को भी भेजी हैं। दैनिक रंलयात्री महासंघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा ने बताया कि लोहारू, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी रेलमार्ग पर आज तक तीर्थ स्थानों के लिए कोई ट्रेन सुविधा नहीं हैं। अहीरवाल क्षेत्र और राजस्थान राज्य से हजारों की



संख्या में प्रतिदिन इस रूट तीर्थ स्थानों पर आवगमन करते हैं। परंतु रेलवे विभाग ने आज तक प्रतिदिन लंबी दूरी व तीर्थ स्थान की कोई ट्रेन सुविधा नहीं दे पाया हैं। ट्रेन चलवाने के लिए कई बार रेलमंत्री, रेलवे के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर मांग कर चुके हैं। परंतु रेलवे उच्च अधिकारियों की हठधर्मिता, तानाशाही, क्षेत्र भेदभाव के चलते इस रेल मार्ग पर दस साल में नई ट्रेन, विस्तार, ठहराव, समय परिवर्तन, फेरे बढ़ाना, स्पेशल ट्रेन नहीं चलाई गई हैं। अब उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया जा रहा है। परंतु महेंद्रगढ़ रेलमार्ग पर प्रयागराज के लिए कोई ट्रेन सुविधा नहीं हैं। दूसरे प्रदेश व शहरों में रेलवे मंत्रालय द्वारा स्पेशल महाकुंभ मेले के लिए स्पेशल सैकड़ों ट्रेन संचालित की हुई हैं। हमारे क्षेत्र के श्रद्धालु बस व अन्य वाहनों से महाकुंभ मेले में आने-जाने के लिए मोटी रकम देकर निजी वाहनों में जाने को मजबूर हैं। दो राज्यों की मांग के देखते लोहारू, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी रेलमार्ग पर महाकुंभ मेले के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाए। ताकि श्रद्धालु महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से सीधे प्रयागराज के लिए ट्रेन मिल सके और आमजन को लाभ मिल सके। क्योकि यह मेला 12 साल बाद महाकुंभ मेला लगता हैं।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत स्पेशल अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : सड्क सुरक्षा** माह के तहत जिला पुलिस व आरटीए विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यातायात नियमों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए जागरुकता अभियान चलाऐ जा रहे हैं। इसी कडी में शनिवार को आरटीए विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सैक्टर-17 कुरुक्षेत्र स्थित कोचिंग सैन्टर में छात्रों को यातायात नियमों बारे जानकारी दी। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उपायुक्त कुरुक्षेत्र नेहा सिंह व पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के आदेशानुसार जिला में राष्ट्रीय सड्क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को आरटीए विभाग व यातायात पुलिस की टीम ने सैक्टर-17 कुरुक्षेत्र स्थित कोचिंग सैन्टर में छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी। आरटीए विभाग के सुनील कुमार व यातायात कोर्डिनेटर वीरेंद्र विक्रम ने सैक्टर-17 कुरुक्षेत्र स्थित कोचिंग सेन्टर में छात्र/छात्राओं व कोचिंग सैन्टर में उपस्थित कर्मचारियों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। यातायात कोर्डिनेटर वीरेंद्र विक्रम ने कहा कि हमें यातायात नियमों की पालना चालान के डर से नहीं बल्कि जागरुकता के साथ करनी चाहिए।

# शहर रेलवे स्टेशन पर बम स्क्वाड की टीम ने किया मॉके ड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अबाला शहर** रेलवे स्टेशन पर बम स्काट की टीम द्वारा मॉक ड्रिल करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान आधुनिक यंत्रों के साथ टीम में कुलदीप सिंह जीआरपी चौंकी इचार्ज, विपिन शर्मा आरपीएफ, हितेंद सिंह एएसआई, अनिल कुमार हैड कास्टेबल, मंदीप हैड कास्टैबल, अग्रेज सिंह , मनोज, आशीष, संदीप मौजूद थे। सहित अन्य टीम सदस्य ने कूडेदान से लेकर वहां रखे विभिन्न सामान को जाचां। उन्होने लोगों से कहा कि कोई यदि कोई सदिग्ध वस्तु नजर आती है तो इसकी सूचना पुलिस को दे। उन्होनें कहा कि लोगो की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। सुबह जब यह टीम उक्त स्थान पर पहुंची तो यात्रियो दहशत में आ गए । मेटल डिटेक्टरों के साथ टीम ने यात्रियों के सामान को जांचना शुरू किया। प्लेट फार्म पर बैठे यात्री भी पुलिस को पूरा सहयोग कर रहे थे। इस टीम ने प्लेटफार्म नंबर दो पर रखे कूडे दान आदि को भी जाचां। इस दौरान डाग स्काट भी मौजूद रहा।

# मुख्य सड़क पर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं

**गन्नौर। गन्नौर गांव से बड़ी गांव की तरफ जाने वाली** मुख्य सड़क पर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं होने से गंदे पानी का सड़क पर जमाव रहता है। इससे यहां से निकलने वाले लोगों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क के दोनों तरफ गंदे पानी का जमाव रहता है। इसका कारण है कि सड़क के दोनों तरफ नालिया ही नहीं है । इससे गंदा पानी निकल नहीं पाता है और सड़क पर ही जमा हो रहा है। इससे सड़क भी टूटने लगी है और लोगों को भी दिक्कत हो रही है। इस बारे में स्थानीय लोगों की तरफ से कई बार शिकायत भी की गई है लेकिन कोई



कार्रवाई नहीं हो रही है। सड़क के साथ नाले न होने से यहां बारिश के समय भी बहुत ज्यादा जलभराव हो जाता है जो कई दिनों तक लोगों को परेशान करता है। दीपक, विकास, प्रदीप ने बताया कि इस सड़क से रोजाना काफी संख्या में श्रमिक औद्योगिक क्षेत्र बड़ी की कंपनियों में आते जाते हैं। गंदा पानी जमा होने से इन श्रमिकों को आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस रास्ते का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया है। इसके नालों को विभाग द्वारा तैयार नहीं किया गया है जिसके कारण आमजन को दिक्कत हो रही है। इस रोड पर पूरी सड़क पर मार्केट बनी हुई है लोगों ने किराए के लिए कमरे बना रखे हैं। इनमें काफी किराएदार रहते हैं। रोजाना लोगों को दिक्कत रहती है। कई बार तो यहां तेज रफ्तार से वाहन चालक पानी को दुकानों के अंदर तक पहुंचा देते हैं। इस सड़क में जलभराव होने से गड्ढे भी दिखाई नहीं देते हैं। इससे लगातार दोपहिया वाहन चालकों को दिक्कत होती है। यह क्षेत्र नगर पालिका के दायरे में आ गया है। अब भी इसका कोई समाधान नहीं किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क के गड्ढों को ठीक किया जाना चाहिए और नालों को बनाकर गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अनदेखी: पत्थर डालकर सड़क बनाना भूला विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर । जीटी रोड बड़ी** से गांव सनपेड़ा की तरफ जाने वाली जाने वाली सड़क पर सड़क एवं भवन निर्माण विभाग द्वारा पत्थर तो डाल दिए लेकिन महीनों बाद भी तारकोल न डालने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो राहगीरों व वाहन चालकों ने राहत की सांस ली थी परंतु सड़क निर्माण पूरा करने की बजाए विभाग के अधिकारी व ठेकेदार पत्थर डालकर शायद सड़क बनाना भूल गया है। करीब 5 माह से संबंधित विभाग की तरफ से सड़क का निर्माण नहीं किया जा रहा था। लोगों द्वारा



विरोध जताने के बाद सड़क का निर्माण शुरू हुआ था, परंतु सड़क बनने से पहले ही यहां श्रेय लेने वालों की होड़ मच गई थी जिसके बाद संबंधित विभाग व निर्माण एजेंसी ने सड़क का निर्माण कार्य अधर में छोड़कर व पत्थर डालकर सड़क की दोबारा सुध नहीं ली। पत्थर डालने के बाद सड़क को न बनाए जाने से यहां के राहगीरों व चालकों में रोष है। सड़क पर पत्थर पड़े होने के कारण सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़े रहा है। सबसे अहम बात तो यह कि ग्रामीणों व राहगीरों की ओर से संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि सड़क का निर्माण बहुत धीमी गति से चल रहा है। सड़क पर तारकोल नहीं डाला जा रहा, पत्थर उखड़े होने के कारण न केवल ग्रामीणों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि पत्थर पड़े होने के कारण कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं। सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ रविंद्र दता ने बताया कि पहले ग्रेप लगने के कारण सड़क का निर्माण नहीं हो पाया था अब ज्यादा सर्दी है, थोड़ा सा मौसम में बदलाव के कारण सड़क पर तारकोल डाल दिया जाएगा।

# अहिल्याबाई के त्रिशताब्दी जन्म वर्ष पर संस्कार भारती करेगी विशेष आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**


**कुरुक्षेत्र। संस्कार** भारती, कुरुक्षेत्र द्वारा राजमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के त्रिशताब्दी जन्म वर्ष को नगर भर में विशेष आयोजनों के माध्यम से मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में आज किड्स प्लैनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर 3 में प्राचार्या महोदया श्रीमति सुनीता रानी, स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह जी और ज्योति जी के साथ चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर बैठक हुई।संस्कार भारती के सदस्यों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता के लिए सामग्री प्रदान की और आयोजन की रूपरेखा तैयार की। यह प्रतियोगिता कुरुक्षेत्र के 12 विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को संस्कार भारती द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, संस्कार भारती के सदस्य विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के महान जीवन और उनके योगदान से अवगत करवाएंगे। यह आयोजन छात्रों में संस्कृति और इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक उत्कृष्ट प्रयास है।

# लड़कियों को शिक्षित-आत्मनिर्भर बनाने का एकमात्र हथियार है शिक्षा : विधायक

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई । ताऊ देवीलाल** राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान ने किया। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को संबंधित करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल आधार, शिक्षा को संकुचित सोच के दायरों से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के आधुनिक विचारों से जोड ?ा है। नई शिक्षा नीति के लागू होने से पूरे देश में एक नए युग की शुरूआत हुई है, जिससे भारत का नव-निर्माण होगा और युवाओं का भविष्य भी




स्वर्णिम होगा। विधायक ने कहा कि शिक्षा की इस क्रान्ति में हम सबको बढ़-चढ़ कर भाग लेना है और राष्ट्र हित में भारत के भविष्य को नई शिक्षा नीति के अनुरूप ढालने का सकारात्मक प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को देश में सफलतापूर्वक लागू करने में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस नीति के तहत विश्वविद्यालयों में वर्तमान की मांग के अनुसार नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस नीति में मल्टीपल एंट्री और एग्जिट (बहु स्तरीय प्रवेश एवं निकासी) व्यवस्था लागू की गई है, जो कि छात्रों के लिए हितकर होगी। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में सांकेतिक एवं चिन्हित भाषा का प्रयोग, एक भारत-श्रेष्ठ भारत तथा वन नेशन-वन डिजिटल प्लेटफार्म आदि कार्यक्रमों को भी पूरी तरह लागू किया गया है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वे पूरी ईमानदारी व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करें क्योंकि शिक्षा ही वो हथियार है जो हमारी बेटियों को आगे बढने और आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इस दौरान 650 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस मौके पर बीडीपीओ अंकुर कुमार, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ॰ सीमा ठाकरान, कीनोट स्पीकर के रूप में डॉ॰ शेफाली नागपाल, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां की डायरेक्टर एचआरडीसी डॉ॰ बंटी कुमार, डॉ॰ रवि भूषण, डॉ॰ अनुप्रिया पूनिया सहित डॉ॰ सुनील पवार, प्रोफेसर कोमल वर्मा, डॉ॰ विकास मलिक, संदीप कुमार, डॉ॰ प्रवीण वर्मा, डॉ॰ मनोज दहिया एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

**मताधिकार**

**▶▶ शिक्षा को संकुचित सोच के दायरों से बाहर निकालना और उसे 21वीं सदी के आधुनिक विचारों से जोडना है: कादियान**

# कुवि के विभागों, संस्थानों एवं कार्यालयों में संविधान प्रस्तावना का किया वाचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: महानिदेशक**, सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के आदेशानुसार तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, संस्थानों एवं कार्यालयों में संविधान प्रस्तावना का वाचन किया गया। वाचन में लोकतांत्रिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता की भावना को सुदृढ़ करने का संकल्प भी लिया। संविधान की प्रस्तावना के वाचन के दौरान बताया गया कि यह लोकतंत्र की आधारशिला है और हमें इसके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए।



यह कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संवैधानिक जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस अवसर पर यूआईईटी संस्थान, विधि विभाग, विधि संस्थान, जूलोजी, आईटीटीआर, आईआईएचएस, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केन्द्र, परीक्षा शाखा, कॉमर्स, शिक्षा, गृह विज्ञान, सोशोलॉजी, बॉटनी, पुस्तकालय, यूनिवर्सिटी प्रेस, इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग, संगीत, संस्कृत एवं अंग्रेजी, इतिहास विभाग सहित सभी विभागों, संस्थानों व कार्यालयों में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत संविधान प्रस्तावना का वाचन किया गया।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 19 जनवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

## संपादकीय

# आकाश में नए द्वार खोलती भारत की अंतरिक्ष डॉकिंग

**हाल ही में,** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष डॉकिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसरो द्वारा पीएसएलवी-सी60 मिशन ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें दो उपग्रहों के अंतरिक्ष में एक-दूसरे से मिलने और डॉक करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अंतरिक्ष डॉकिंग कक्षा में दो अंतरिक्ष यान को जोड़ने की प्रक्रिया है। इसमें तेज गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षीय प्रक्षेप पथ पर लाना, उन्हें मैन्युअल रूप से या स्वायत्त रूप से एक-दूसरे के करीब लाना और अंत में उन्हें यांत्रिक रूप से एक साथ लॉक करना शामिल है। यह क्षमता जटिल अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों को इकट्ठा करना, चालक दल का आदान-प्रदान और आपूर्ति पहुँचाना शामिल है। संयुक्त राज्य अमेरिका में (1966) पहली डॉकिंग नासा के जेमिनी श्क्क्क मिशन के दौरान हासिल की गई थी, जहाँ अंतरिक्ष यान एजेना लक्ष्य वाहन के साथ डॉक किया गया था। यूएसएसआर ने कोस्मोस 186 और कोस्मोस 188 के बीच पहली मानवरहित, स्वचालित डॉकिंग का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि ने 1967 में अंतरिक्ष दौड़ के दौरान उनकी इंजीनियरिंग क्षमता को रेखांकित किया। चीन के मानवरहित शेनझोउ 8 अंतरिक्ष यान ने 2011 में तियांगोंग 1 अंतरिक्ष प्रयोगशाला के साथ डॉक किया। एक साल बाद, देश ने शेनझोउ 9 मिशन के साथ अपनी पहली मानवयुक्त डॉकिंग हासिल की। भारतीय डॉकिंग सिस्टम (बीडीएस) के बारे में 2010 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम मानक (आईडीएसएस) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के साथ अंतरिक्ष यान डॉकिंग को नियंत्रित करता है। भारत एक उभयलिंगी डॉकिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि चेजर और टारगेट दोनों उपग्रहों पर समान प्रणालियाँ मौजूद हैं। आईडीएसएस के समान लेकिन आईडीएसएस डिजाइन में 24 मोटर्स के बजाय दो मोटर्स का उपयोग करता है। उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं- लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से प्रेरित एक नया प्रोसेसर है। साथ ही, अंतरिक्ष यान की सापेक्ष स्थिति और वेग निर्धारित करता है। यह भविष्य की स्वायत्त डॉकिंग प्रणालियों के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है। साथ ही, उपग्रह-आधारित नेविगेशन डेटा पर निर्भर किए बिना डॉकिंग प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। डॉकिंग तकनीक कक्षा में बड़े अंतरिक्ष यान के निर्माण की अनुमति देती है, जो मंगल अन्वेषण जैसे गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक है। चंद्र मिशनों के लिए समर्थनः डॉकिंग इसरो के चंद्रयान-4 चंद्र नमूना वापसी मिशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अधिक उन्नत और जटिल अंतरिक्ष संचालन संभव हो पाता है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो की योजना कक्षीय पुनःपूर्ति और चालक दल के मिशनों का समर्थन करने के लिए डॉकिंग तकनीक पर निर्भर करती है।

# जैसे कर्म वैसा फल, बंद हो गई हिंडनबर्ग

मृत्युंजय दीक्षित

> "यह भी कहा जा रहा है कि हिंडनबर्ग भारत विरोधी डी पस्टेट का ही एक अहम हिस्सा था और ट्रंप के आगमन के साथ ही जब उसे लगा कि उसकी जांच होकर ही रहेगी और दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा तो डर कर हिंडनबर्ग का मालिक एंडरसन कंपनी बंद कर भाग खड़ा हुआ है।अमेरिका के रिपब्लिकन सांसद हिंडनबर्ग की कड़ी जांच और उसे अमेरिकी कानूनों के तहत कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रह हैं और यह भी मांग कर रहे है कि हिंडनबर्ग से जुड़ी सभी फाइलों व कागजो को सुरक्षित रखा जाये क्योंकि अमेरिकी कानूनों के तहत जब वहां पर सत्ता परिवतन होता है तब जज भी बदल जाते हैं"

**अमेरिका** में भारत समर्थक नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व ही अमेरिका से भारत हित के दो महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त हुए हैं, जिनके कारण जहां एक और भारतीय शेयर बाजार में आनंद उत्सव मनाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ राजनीतिक हलकों में निराशा व दुख का वातावरण है। जिस कंपनी की रिपोर्ट को आधार मानकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष हर चुनाव में अंबानी -अडानी,अंबानी -अडाणी की रट लगा रहा था अब वह कंपनी ही बंद हो गई है। अमेरिका से दूसरा समाचार यह है कि अमेरिका ने भारत पर लगे परमाणु प्रतिबंध को समाप्त कर दिया है। लोकसभा, उसके बाद हुए विधान सभा चुनावों के बाद संसद के विगत शीतकालीन सत्र में भी विपक्ष ने अडाणी का मुद्दा उठाकर सदन की कार्यवाही तक नहीं चलने दी। राहुल गांधी ने एक पोस्टर जारी किया, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और गौतम अडाणी का चित्र बना था तथा लिखा था ह्लएक हैं तो सेफ हैं ह्लविपक्ष हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था यद्यपि वहां उसे मात खानी पड़ी थी। विपक्ष हिंडनबर्ग की तथाकथित रिपोर्ट के मुद्दे जाँच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग कर तथा किन्तु उनका परम हितैषी हिंडनबर्ग अमेरिका में अपनी जांच प्रारंभ होने से पहले ही दुकान बंद करके भाग खड़ा हुआ। अमेरिका की इंवेस्टमेंट रिसर्च फर्म और शॉर्ट सेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन ने कंपनी बंद करने की घोषणा की, यह घोषणा उस समय की गई है जब हिंडनबर्ग रिसर्च कंपनी न्याय विभाग और यूएस एसईसी द्वारा जांच के दायरे में आ गई। कंपनी को नियमों के उल्लंघन के लिए भारतीय नियामक सेबी द्वारा जांच और कारण बताओ नोटिस भी जारी किया चुका है। कई अन्य नियामकों ने भी हिंडनबर्ग पर चारों ओर से शिकंजा कसा । इस कंपनी ने अभी तक सेबी के नोटिस का जवाब तक नहीं दिया है। जब से हिडनबर्ग के बंद होने की घोषणा हुई है, तब से सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म इसको लेकर हलचल है, एक यूजर ने लिखा,ह्ल कितने गाजी आए और कितने गाजी गएह्ल। सोशल मीडिया में कहा जा रहा है कि एक बात तो स्पष्ट हो




गई है कि हिंडनबर्ग सुपारी लेकर भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने और निजी मुनाफा कमाने के लिए काम कर रहा थी। कुछ यूजर्स का कहना है कि हिंडनबर्ग रिसर्च के बंद होने का फैसला हैरान करने वाला है।यह फैसला उस समय लिया गया जब अमेरिकी न्याय विभाग हिंडनबर्ग की जांच करने की योजना बना रहा था। यह फैसला उस समय लिया गया जब ट्रंप सत्ता में आने जा रहे हैं।इस बात की भी गहराई से जांच होनी चाहिए कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर कैसे भरोसा कर लिया था? इसी रिपोर्ट के आधार पर राहुल गांधी ने अपने मित्रों के साथ प्रेस वार्ता कर संसद की कार्यवाही बाधित की थी।
हिंडनबर्ग ने अपने सात वर्ष के कार्यकाल में सात बड़े शिकार किए और शेयर बाजार में उन्हें लहूलुहान कर डाला, इसी क्रम में कंपनी ने अदाणी समूह को भी लगातार निशाना बनाया। कंपनी 2023 में कम्पनी रिपोर्ट प्रकाशित करके अदाणी समूह पर कारपोरेट धोखाधड़ी का आरोप लगाती रही जिससे अदाणी समूह को वित्तीय मोर्चे पर दबाव का सामना करना पडा। हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी और उनके पति धवल बुच पर हितों के टकराव का आरोप लगाया। कंपनी ने दावा किया था कि उनकी विदेश स्थित ऐसी कंपनियों में हिस्सेदारी है जो गौतम अदाणी के लिए पैसों की हेराफेरी करती हैं। 2023 में हिंडनबर्ग रिसर्च ने आय और राजस्व की रिपोर्टिंग को लेकर इकान एंटरप्राइजेज एलपी की आलोचना की थी। हिंडनबर्ग 2020 में इलेक्ट्रिक ट्रक बनाने वाली कंपनी निकोला के पीछे पड़ गया था कहा गया कि निकेला ने अपनी तकनीक को लेकर निवेशकों से झूठ बोला है । इस मामले मे एक यूएस ज्यूरी ने 2022 में निकोला के संस्थापक ट्रेवर मिल्टन को धोखाधड़ी का दोषी करार दिया था। इसी प्रकार हिंडनबर्ग कंपनी ने पेमेंट कंपनी ब्लाक इंक में शॉर्ट पोजिशन मामले में आरोप लगाया कि कंपनी ने यूजर्स की संख्या को बढ़ा चढ़ाकर और लागत को कम करके दिखाया है। इसी प्रकार हिंडनबर्ग ने 2022 में टिवटर इंक पर चढ़ाई कर दी थी। 2022 में ही जेएंडजे परचेजिंग के खिलाफ जांच प्रारम्भ कर दी थी। इसके लिए हिंडनबर्ग ने किसी प्रकार से कंपनी के निगरानी वाले फुटेज तक प्राप्त कर लिये थे।
फुटेज से पता चला कि जेएंड जे की मार्केटिंग टीम के लोग लोगों को धोखाधड़ी वाली निवेश स्कीम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे थे। भारत में प्रवेश करते ही हिंडनबर्ग के सपने ऐसे चकनाचूर हुए कि वह अपनी दुकान बंद करके भाग निकली। भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस नेता राहुल गांधी व संपूर्ण विपक्ष ने अदाणी समूह पर लगातार दोहरा रवैया अपना रखा है। एक ओर यह लोग अपनी सरकार वाले राज्यों में अदाणी समूह को निवेश के लिए बुलाते हैं और दूसरी और उनके नाम पर संसद ठप करते हैं ।
बीच में आए और सत्य सिद्ध हुए समाचार कि हिंडनबर्ग का मालिक नैट एंडरसन का भारत विरोधी जार्ज सोरोस से सीधा संपर्क रहा है। हिंडनबर्ग कंपनी अपना नया खुलासा करने से एक दिन पूर्व ही एक रहस्यमय ई मेल संदेश जारी कर देती थी और उसके बाद का काम राहुल गाँधी करते थे जिससे राजनैतिक गलियारों में गहमागहमी बढ़ जाती थी और शेयर बाजार हिल जाते थे फिर इसी आधार पर संसद तथा राज्य विधानमंडलों मेंअराजकता फैलाई जाती थी। इसीलिए कहा जा रहा है कि हिंडनबर्ग के बंद हो जाने के बाद जहां कुछ लोग आनंदोत्सव मना रहे हैं वहीं कुछ लोग दर्द से कराह उठे हैं।
जिन राजनैतिक तत्वों ने अपने स्वार्थ साधने की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा व संघ की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया तथा विदेशों में जाकर भारत विरोधी बयान दिए क्या अब वह लोग अपने कुकर्मों के लिए माफी मांगेंगे? इन स्वार्थी तत्वों से फिलहाल ऐसी आस लगाना बेकार ही है क्योंकि अब यह लोग अपनी बात को सही साबित करने के लिए कोई नया रास्ता ढूंढ रहे होंगे । इस पूरे प्रकरण में यह तथ्य भी जांचने योग्य हो गया है कि हिंडनबर्ग के सभी खुलासे संसद सत्र आरम्भ होने के पूर्व ही क्यों होते थे? ऐसा माना जा रहा है कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद अमेरिकी धरती पर भारत विरोधी हरकतें करने वालों का एजेंडा संभवतः नही चलेगा और न ही इसमें व्हाइट हाउस का सहयेग मिल सकेगा । यह भी कहा जा रहा है कि हिंडनबर्ग भारत विरोधी डी पस्टेट का ही एक अहम हिस्सा था और ट्रंप के आगमन के साथ ही जब उसे लगा कि उसकी जांच होकर ही रहेगी और दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा तो डर कर हिंडनबर्ग का मालिक एंडरसन कंपनी बंद कर भाग खड़ा हुआ है।अमेरिका के रिपब्लिकन सांसद हिंडनबर्ग की कड़ी जांच और उसे अमेरिकी कानूनों के तहत कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रह हैं और यह भी मांग कर रहे है कि हिंडनबर्ग से जुड़ी सभी फाइलों व कागजो को सुरक्षित रखा जाये क्योंकि अमेरिकी कानूनों के तहत जब वहां पर सत्ता परिवतन होता है तब जज भी बदल जाते हैं।

## कविता

बगल में छुरी मुंह में राम,
कितनी हुई बात ये आम।

रात में जाम फिर काम तमाम,
अल्प वस्त्र नारी बेशर्मी आम।

निक्कमे लाडले नशे का आलम,
कमाऊ पिता मात्र मचा संग्राम।

स्खलित संवेदनाएं मौन समाज,
मयार्दाये कुंठित ठग घूमते सरे आम।

कलयुगी परिद्दश्य भ्राता विद्वेषी,
भाइयों में द्वन्द घर में कोहराम।

पाश्चात्य से प्रभावित हालात,
क्या होगें भविष्य के हालात।

युवा घूमते सड़कों पर बिना काम,
अबला की लुटती इज्जत सरे-आम।

संजीव
---------


# यमुना सिर पड़कर रोने लगी

**रामविलास जांगिड़**
यमुना नदी किनारे बैठी थीं, लेकिन इस बार वह रेत पर नहीं, बल्कि एक पुरानी टूटी हुई बाल्टी पर। उनके चारों ओर मलबा, प्लास्टिक और झाग का साम्राज्य फैला हुआ था। मच्छरों की फौज ऐसे गूंज रही थी, जैसे किसी कॉन्सर्ट में ड्रम बज रहे हों। यमुना ने ठंडी सांस लेते हुए कहा, "हे भगवान! कभी मैं श्रीकृष्ण की प्रिय थी और अब देखो, प्लास्टिक के झूले में लिपटी झाग की रानी बन गई हूं।" तभी पास से गुजरते हुए एक आदमी ने उनके पानी में कचरे से भरा थैला फेंक दिया। यमुना ने झुंझलाकर कहा, "अरे भाई! ये नदी है, कचरा घर नहीं।" वह आदमी पलटा और मुस्कुराकर बोला, "क्या फर्क पड़ता है, माई? अब तो तुम्हारा पानी पीने लायक नहीं, तो कम से कम कचरे का ठिकाना तो बन ही सकती हो।" यमुना ने मन मसोस लिया। सोचने लगीं, "कहां वह समय था जब लोग मेरे पानी को अमृत समझते थे और कहां अब यह हाल है कि झाग देखकर लोग डर जाते हैं।" इसी उधेड़बुन में, अचानक नियाग्रा फॉल्स का वीडियो कॉल आ गया। यमुना ने हैरान होकर फोन उठाया। "हेलो, बहन यमुना! कैसी हो?" नियाग्रा ने बड़े प्यार से पूछा। यमुना ने भरे गले से कहा, "क्या बताऊं बहन? हालत ऐसी है कि अब तो खुद अपने पानी में खड़ी होने से भी डर लगने लगा है। हर दिन सीवरेज, नाले, फैक्ट्रियां और गंदगी का ऐसा हमला होता है, जैसे मैं कोई नदी नहीं, कूड़ेदान हूं।" नियाग्रा ने सहानुभूति जताई, "बहन, तुम्हारे नेता लोग तो बड़े कट्टर ईमानदार, धार्मिक और कर्तव्यनिष्ठ हैं, फिर भी तुम्हारा यह हाल?" यमुना ने ठंडी आह भरते हुए कहा, "लेकिन धर्म और राजनीति की आड़ में ये सब गंदगी फैला रहे हैं। तुम्हारे यहां का पानी मोती जैसा चमकता है और यहां मेरे पानी में झाग ऐसे तैरता है, जैसे क्रीम केक का फोम हो।" नियाग्रा ने हंसते हुए कहा, "हमारे यहां भी लोग आते हैं, लेकिन टिकट खरीदकर। मेरी सफाई के लिए लाखों डॉलर खर्च होते हैं। यहां तक कि जो लोग मुझे देखने आते हैं, वे प्लास्टिक का ओवरकोट पहनते हैं ताकि उनका पसीना तक मुझ पर न गिरे। और तुम्हारे यहां?" यमुना ने गुस्से में कहा, "यहां तो लोग मुझमें पूजा का सामान, प्लास्टिक, फूल, कचरा और मूर्तियां तक विसर्जित कर देते हैं। कोई मेरी सफाई का जिम्मा नहीं लेता। अगर मेरे पानी से झाग निकालकर साबुन बनाने का बिजनेस शुरू कर दूं, तो भी करोड़पति बन जाऊं।"नियाग्रा ने मुस्कुराते हुए कहा, "बहन, तुम आंदोलन क्यों नहीं करतीं? कुछ करो। अपने देश वालों को जागरूक करो।" यमुना ने निराश होकर कहा, "आंदोलन? यहां तो लोग आंदोलन के नाम पर मुझमें प्लास्टिक की बैनर और बचा हुआ खाना फेंककर चले जाते हैं और फिर कहते हैं, 'यमुना हमारी मां है!' अब बताओ, कौन मां अपने बच्चों के ऐसे व्यवहार पर खुश होगी?"

## विचार

# रूपया गिरा, लेकिन रुपये वाले नहीं

**@ राकेश अचल**
डालर के मुकाबले भारतश का रुपया भले ही धूल चाने को मजबूर हो लेकिन जिनके पास अकूत रुपया है उनकी सेहत पर कोई फर्क नहीं पड रहा. उनकी हैसियत बरकरार है, हिंदुस्तान में भी और अमेरिका में भी. खबर है ककि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भले ही भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी को न बुलाया गया हो लेकिन मुकेश अंबानी को जरूर बुलाया गया है. भारतीयों को समझ लेना चाहिए कि विश्व गुरु बनने के लिये पद नहीं रुपये की जरुरत पडती है, यदि ऐसा न होता तो अंबानी सर मोदीजी पर भारी न पडते.अंबानी 18 जनवरी को वॉशिंगटन डीसी पहुंचेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में अंबानी दंपती को अहम सीट मिलेगी। वे ट्रम्प कैबिनेट के नोमिनेट मेंबर्स और इलेक्टेड ऑफिसर्स के साथ बैठेंगे। अमेरिका से खबर आई है कि शपथ ग्रहण के साथ ही कैबिनेट का एक स्वागत समारोह और उपराष्ट्रपति का डिनर भी होगा, जिसमें अंबानी परिवार शामिल होगा। नीता और मुकेश अंबानी 19 नवंबर की रात राष्ट्रपति ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ कैंडललाइट डिनर में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण के दौरान ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले वे 2017 से 2021 के बीच 45वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर चुके हैं। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समारोह में शामिल हो रहे हैं. 20 जनवरी 2017 राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण में डोनाल्ड ट्रम्प।



ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले, हंगरी से विक्टर ऑर्बन, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली मौजूद रहेंगे.अमेरिकी उद्योगपतियों में इलॉन मस्क के अलावा, जेफ बेजोस, मार्क जुकरबर्ग और सैम ऑल्टमैन मौजूद रह सकते हैं। ट्रम्प के शपथ ग्रहण में रिकॉर्ड चंदा शपथ ग्रहण समारोह के लिए ट्रम्प की टीम को रिकॉर्ड चंदा मिला है। ट्रम्प से बेहतर रिश्ता बनाने के लिए उद्योगपति जमकर फंडिंग कर रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अभी तक 170 मिलियन डॉलर आ चुके हैं। यह आंकड़ा 200 मिलियन डॉलर तक भी पहुंच सकता है। पिछली बार बाइडेन के शपथ ग्रहण समारोह में 62 मिलियन डॉलर का चंदा इकट्ठा हुआ था। वहीं ट्रम्प के 2017 के शपथ ग्रहण समारोह में 107 मिलियन डॉलर इकट्ठा हुए थे। अब ये पता नहीं है कि चंदा देने वालों मे मुकेश अंबानी भी शामिल हैं या नहीं. वैसे अमेरिका सरकार चंदा देने वालों को भी फ्री वीआईपी पास नही दे रही है. अंबानी को आमंत्रण मिलने से भारत का मान बढा है. काश कि अडानी भी वहां होते, लेकिन वे अमेरिका पुलिस के लिए एक अपराधी हैं इसलिए उन्हे ये सम्मान नहीं मिला. मुकेश अंबानी की जगह यदि मै होता तो अमेरिका का आमंत्रण विनम्रतापूर्वक ठुकरा देता. कहता कि मै तभी आऊंगा जब मेरे प्रधानमंत्री को ससम्मान आमंत्रित किया जाए.लेकिन मुकेश अंबानी राकेश अचल नहीं हैं. उनकी और ट्रंप साहब की बिरादरी और गोत्र एक है. दोनों धन कुबेर है. कारोबारी हैं. वे किसी और की परवाह क्यों करने लगे? माननीय मोदी जी की उपेक्षा से मै आम भारतीय होने के नाते मै भी दुखी हूं. मै यदि मोदी जी का अंधभक्त होता तो अभीतक अमेरकी दूतावास पर प्रदर्शन कर चुकका होता. वार्ड स्तर पर अमेरिका प्रशासन के पुतले जलवा चुका होता. लेकिन कमाल है कि मोदीजी और उनके अंधभक्त अपमान का कडवा घूंट पीकर बैठे हैं. हे राम!

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# तरक्की के बरक्स पोषण की चुनौती

**विजय गर्ग**
**रपट में कहा गया है भारत में गरीबी और पोषण** से संबंधित विभिन्न अध्ययन रपटों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि गरीबी में लगातार कमी आ रही है, लेकिन लोगों के भोजन में पोषक तत्त्वों की कमी चुनौती बनी हुई है। 'स्टेट बैंक आफ इंडिया रिसर्च' द्वारा गरीबी पर जारी गरीबों को सीधे लाभान्वित करने वाले सरकारी सहायता कार्यक्रमों के कारण गरीबी में कमी आई है। वहीं विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति (सोफी) रपट 2023 में कहा गया है कि भारत में पोषण की स्थिति चुनौतीपूर्ण है। वर्ष 2020 और 2022 के बीच 7.4 करोड़ लोग अल्पपोषण के शिकार थे।
इस रपट का विश्लेषण दशार्ता है कि रोजाना दो बार भोजन की परिभाषा के अनुसार भारत में भूख की समस्या तुलनात्मक रूप से कम हुई है। यानी आबादी के बड़े हिस्से की अनाज संबंधी जरूरतें मोटे तौर पर पूरी पूरी हो रही हैं। मगर पोषक की कमी बनी हुई है। इसी प्रकार वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में 125 देशों के बीच भारत को 111वां स्थान दिया गया है।
एसबीआइ रिसर्च की रपट में कहा गया है कि गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहां वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 फीसद और शहरी गरीबी 13.7 फीसद थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घट कर 4.86 फीसद और शहरी गरीबी घट कर 4.09 फीसद पर आ गई। इस रपट के मुताबिक पिछले 14 वर्ष में आमदनी बढ़ने से, जहां शहरों में हर माह प्रतिव्यक्ति उपभोक्ता खर्च (एमपीसीई) 3.5 गुना हो गया, वहीं यह ग्रामीण इलाकों करीब चार चार गुना हो गया है। वर्ष 2009-10 2023-24 के बीच शहरी इलाकों में उपभोक्ता खर्च 1984 रुपए से बढ़ कर 6996 रुपए और ग्रामीण इलाकों में यह 1054 रुपए से बढ़ कर 4122 रुपए हो गया। ऐसे में शहरों की तुलना में गांवों में यह खर्च ज्यादा है।
गौरतलब है कि बीती चार जनवरी को प्रधानमंत्री ने ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 को संबोधित करते हुए कहा था देश में ग्रामीण गरीबी तेजी से कमी आ रही है।

# गोलगप्पे, गुलाब और गुस्सा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**
**एक छोटे**-से कस्बे में एक बड़े-से कवि, श्री शशिकांत शब्दमय जी, अपनी "मौजूदगी" से साहित्य का सिर ऊँचा कर रहे थे। शशिकांत जी का दावा था कि उन्होंने हिंदी साहित्य को "फूलों से महकाया" और "पत्थरों से सिखाया।" उनका व्यक्तित्व, वैसे, जलेबी जैसा था– कभी-कभी सीधा दिखता, पर अंदर से पेचीदा। एक दिन, कस्बे के चौक पर, शशिकांत जी एक चाय की टपरी पर बैठे अपने लेखन की "क्रांति" पर विचार कर रहे थे। टपरीवाले ने पूछा, "क्या हुआ गुरुजी, आज चाय ठंडी हो गई?" "चाय ठंडी हो या गर्म, साहित्य का दर्द अमर रहता है," शशिकांत जी ने गंभीरता से कहा। उसी समय, उनके पुराने मित्र, रमाकांत व्यंग्यवाला जी वहाँ आ धमके। उन्होंने पूछा, "अरे शशि भाई, यह उदासी क्यों? आपके चेहरे पर तो 'पद्मश्री' की चमक होनी चाहिए।" शशिकांत जी ने गहरी साँस ली और बोले, "क्या बताऊँ, रमाकांत! यह समाज साहित्य को समझता ही नहीं।" "अरे, ऐसा क्या हुआ?" "कल की बात सुनो," उन्होंने शुरूआत की, "मैंने अपनी नई कविता 'नींबू का दर्द' सुनाई। लोगों ने ताली तो बजाई, पर समझा नहीं। एक सज्जन बोले, 'सर, नींबू का दर्द क्यों, आलू का सुख क्यों नहीं?' समझे? यह साहित्य का अनादर है।" रमाकांत जी ने हँसते हुए कहा, "भाई, लोग समझते भी कैसे? आप कविताएँ लिखते हैं या गूढ़ शास्त्र?" "यह तो कुछ भी नहीं," शशिकांत जी बोले। "कल मैंने अपने विद्यार्थियों को छंद और अलंकार समझाने की कोशिश की। एक छात्रा ने पूछा, 'सर, यह अलंकार किस ब्रांड का है? मेरे भाई को शादी में चाहिए।' समझे, यह है हिंदी साहित्य की दुर्दशा!" रमाकांत जी हँसी रोकते हुए बोले, "यह तो दुखद है। लेकिन यह किस्सा सुनकर मेरा दिन बन गया।" "यह कोई हँसने की बात है?" शशिकांत जी तमतमाकर बोले।
"आपको तो मेरे सम्मान के लिए लड़ना चाहिए।" "ठीक है, तो बताइए, क्या समस्या है?" रमाकांत जी ने गंभीरता से पूछा। शशिकांत जी ने जेब से एक पन्ना निकाला और बोले, "यह देखो।

## न्यूज फ्लैश

### हरविन्दर कल्याण बने एआईपीओसी की स्थायी समिति के सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा विधानसभा** के अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण को अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) की स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। देशभर के पीठासीन अधिकारियों की यह सर्वोच्च संस्था है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसके पदेन अध्यक्ष और राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश उपाध्यक्ष हैं। लोक सभा का एक उपाध्यक्ष भी इस समिति के पदेन उपाध्यक्ष होते हैं। इनके अलावा देशभर के विधान मंडलों से 7 अध्यक्षों को समिति में बतौर सदस्य शामिल किया जाता है। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह इस समिति के सचिव हैं। हाल ही में सिक्किम विधान सभा के अध्यक्ष अरुण कुमार उप्रेती द्वारा अपना पद त्यागने के कारण खाली हुए स्थान पर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्दर कल्याण को सदस्य मनोनीत किया है। उनका मनोनयन 17 जनवरी, 2024 से हुआ है। इस संबंध में लोक सभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। गौरतलब है कि कल्याण 25 अक्तूबर 2024 में पहली बार विधानसभा अध्यक्ष बने हैं और मात्र तीन माह में संस्था की स्थायी समिति का सदस्य बनना उनके लिए गर्व की बात है। कल्याण ने इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन की स्थायी समिति के सदस्य के तौर पर उनसे जो भी अपेक्षाएं होंगी, वे उन पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि स्थायी समिति के नियमों के अनुसार 7 पीठासीन अधिकारी इसके सदस्य होते हैं। इनमें बड़े राज्यों के विधानमंडलों से 5 और 100 से कम सदस्यों वाले छोटे राज्यों के विधानमंडलों से 2 पीठासीन अधिकारी होते हैं। पीठासीन अधिकारी वार्षिक सम्मेलन की तारीखें और स्थान तय करना स्थायी समिति के कार्य हैं। यही समिति पीठासीन अधिकारी वार्षिक सम्मेलन के लिए एजेंडे, कार्यक्रम और विषय को अंतिम रूप देती है। एआईपीओसी ऑर्गनाइजेशंस से संबंधित विषय, पारित प्रस्तावों का फॉलोअप, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय संवैधानिक तथा संसदीय मामले भी यह समिति कार्य करती है। ये हैं स्थायी समिति के सदस्य- वासुदेव देवनानी, अध्यक्ष, राजस्थान विधानसभा, रवीन्द्र नाथ महतो, अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा, नरेन्द्र सिंह तोमर, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश विधानसभा, एम.अप्पावु, अध्यक्ष, तमिलनाडु विधानसभा, विश्वजीत दैमारी, अध्यक्ष, असम विधानसभा, हरविन्दर कल्याण, अध्यक्ष, हरियाणा विधान सभा और शंकर चौधरी, अध्यक्ष, गुजरात विधानसभा।

### भाई के सामने युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में ब्याना गांव** के पास हुए सडक हादसे में लापरवाही और तेज रफ्तार ने एक और जान ले ली। इस सडक हादसे में 28 वर्षीय रामप्रकाश की मौत हो गई। रामप्रकाश करनाल बस स्टैंड के पास मोबाइल रिपेयर और खरीद की दुकान चलाता था। हादसा उस समय हुआ जब वह अपने बड़े भाई के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर करनाल से लौट रहे थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रैक्टर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई रामफल ने बताया कि शुक्रवार देर शाम वे दोनों अपनी-अपनी मोटरसाइकिल पर करनाल से घर जा रहे थे। रामफल आगे चल रहा था और रामप्रकाश अपनी स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर पीछे था। ब्याना गांव से कुछ ही दूरी पर सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने रामप्रकाश को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद रामफल ने अपनी मोटरसाइकिल किनारे रोकी और अपने भाई को संभालने के लिए दौड़ा। राहगीर भी रुक गए और मदद के लिए आगे आए। रामफल ने बताया कि उसने तुरंत ट्रैक्टर का नंबर नोट कर लिया, लेकिन ट्रैक्टर ड्राइवर भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। रामप्रकाश को तुरंत निजी वाहन से अमृतधारा अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी ब्याना में रामफल की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। हेड कांस्टेबल वजीर सिंह ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव में कुरुक्षेत्र के 5 वार्डों से खड़े है 21 प्रत्याशी: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: उपायुक्त नेहा** सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों में कुरुक्षेत्र जिले के 5 वार्डों से 21 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे है। इस जिले में 47170 मतदाता 5 वार्डों में बनाए गए 56 बूथों पर आज मतदान करेंगे और मतदान के बाद ही मतगणना का कार्य किया जाएगा। सभी बूथों पर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है। सभी पोलिंग पार्टियां ईवीएम मशीन और मतदान से सम्बन्धित सभी दस्तावेज लेकर सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने-अपने बूथों पर पहुंच गए है। जिलाधीश एवं उपायुक्त नेहा सिंह ने बीएनएसएस 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए है कि किसी भी जगह पर 5 या 5 से ज्यादा लोगों के एकत्रित



होने पर प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों की अवहेलना करने पर बीएनएस की धारा 223 के तहत सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। जिलाधीश ने एक अन्य आदेश जारी करते हुए पंजाब आबकारी एक्ट 1914 की धारा 54 के तहत 19 जनवरी 2025 को मतगणना के कार्य पूरा होने तक शराब के सभी ठेके बंद रखें जाएंगे और होटल, रेस्टोरेंट तथा क्लब इत्यादि में भी शराब सर्व करने पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों की पुलिस प्रशासन व आबकारी विभाग सख्ती से पालना करवाना सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि शाहबाद से गांव खरींडवा के सज्जन सिंह, गांव नगला के सुखमीत सिंह, गांव दामली के करतार सिंह, गांव नलवी के दीदार सिंह, गांव नलवी के बेअंत सिंह, शाहबाद के माहौल्ला खतरवाडा से मनजीत सिंह चुनावी मैदान में खड़े है। उपायुक्त ने कहा कि वार्ड 15 थानेसर से आजाद उम्मीदवार हरमनप्रीत सिंह,सिख समाज संस्था से भूपिन्द्र सिंह,आजाद उम्मीदवार रविन्द्र कौर अजराना, वार्ड 11 पिहोवा में गुरु अमरदास कालोनी निवासी सतपाल सिंह जत्थेदार, जुरासी खुर्द निवासी हरजीत सिंह, गांव स्याणा खुर्द, शास्त्री कालोनी पिहोवा से कुलदीप सिंह मुल्तानी चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि वार्ड 12 मुर्तजापुर से गांव भौर सैंयदा निवासी अमृतपाल सिंह बाजवा, चनालहेडी से इंद्रजीत सिंह,ठसका मीराजी से सुरजीत सिंह चुनावी मैदान में खड़े है। वार्ड 14 लाडवा से गिरधारपुर निवासी सरूप सिंह सैनी, लाडवा से हरप्रीत सिंह चिम्मा, गांव लौहारा से ज्ञानी गुरदेव सिंह लौहारा, गांव मसाना से जसबीर कौर मासना, गांव किशनगढ़ से पलविन्द्र सिंह, भगवान नगर कालोनी पिपली से बलजिन्द्र सिंह चुनावी मैदान में खड़े है।

## विधायक भड़ाना ने नई आईटीआई भवन की नीव रखीं



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**चुलकाना गांव मे** सरपंच सतीश छौक्कर की मौजूदगी में विधायक मनमोहन भड़ाना ने शुक्रवार को करीब 15 करोड़ की लागत से बनने वाली आईटीआई की नींव रखी। इसमें रोजगारपरक कोर्स शुरू किए जाएंगे। इससे पूर्व विधायक मनमोहन भड़ाना का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाओं से पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र को आईटीआई की सौगात देते हुए भवन निर्माण की विधिवत पूजा अर्चना कर नींव रखी। इस दौरान विधायक मनमोहन भड़ाना ने अपने संबोधन में कहा कि इस आईटीआई के बनने से युवा विभिन्न तकनीकी कोर्सों में प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आईटीआई के बनने से विद्यार्थी 10वीं और 12वीं की परीक्षा उतीर्ण करने उपरांत आईटीआई में विभिन्न तकनीकी कोर्सों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके लिये रोजगार के नये अवसर सर्जित होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना होगा।

## स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बीती शाम** जिला पुलिस की थाना मधुबन टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर मंगलौरा पुलिस चौकी के पास यूपी सीमा पर नाकाबंदी करके दो आरोपियों प्रिंस उर्फ प्रमजीत पुत्र गुरमीत सिंह निवासी शास्त्री नगर, शिव कालोनी करनाल व पंकज उर्फ बकीया पुत्र पप्पु मिस्त्री निवासी शास्त्री नगर, करनाल को गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के कब्जे से 19.4 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपीयों के खिलाफ थाना मधुबन में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सफाई कर्मचारियों के लिए लगा हेल्थ कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: नगर परिषद** के कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह यादव ने कहा कि नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस कैंप में नगर परिषद कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों और सफाई कर्मचारी का सिविल अस्पताल की तरफ से आई डॉक्टरों व जिंदल फाउंडेशन की तरफ से पहुंची मेडिकल वैन की टीम ने चेकअप किया और उनको जरूरी दवाइयों के साथ जरूरी परामर्श भी दिया। उन्होंने कहा कि जिला नगर आयुक्त पंकज कुमार सेतिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य जांच शिविर में




155 कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन विभिन्न एरिया में सडकों व गलियों में सफाई करने जैसा महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। सफाई कार्य के दौरान कई बार प्रदूषण से संबंधित सांस लेने से संबंधित व अन्य प्रकार की बीमारियां कर्मचारी को हो जाती है जिनका समय पर उपचार जरूरी है। इसी समस्या को देखते हुए शनिवार को नगर परिषद में कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरो की टीम ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। कार्यकारी अधिकारी अभय सिंह ने कहा कि आगे भी समय-समय पर कर्मचारियों की स्वास्थ्य की जांच के लिए कैंप का आयोजन किया जाता रहेगा। कैंप में डॉक्टर अधिकतर कर्मचारियों को बीपी, शुगर, ब्लड चेक, खांसी, बुखार, जुखाम व अन्य बीमारियों की जांच की गई और उनको फ्री में दवाइयां वितरित की गई। इसके अलावा उनको उचित परामर्श भेज दिया गया है। वहीं कैंप में सांसद नवीन जिंदल फाउंडेशन की तरफ से भी मेडिकल वैन में डॉक्टरों की टीम द्वारा मौके पर ही कई टेस्ट करवा कर रिपोर्ट मुहैया करवाई गई। इस अवसर पर नगर परिषद की तरफ से एस आई प्रदीप कुमार, केएल बठला, अनूप सिंह, विशाल कुमार, राजेश कुमार, नवदीप कौर के अलावा डॉ प्रमोद सिंह, लैब ऑफीसर चेतन, नीरू देवी स्टाफ नर्स व राजविंदर कौर स्टाफ नर्स मौजूद थी।

## सर्दी के मौसम में स्किन का रखे ख्याल: आशीष



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने कहा कि देश में ठंड का मौसम जारी है। ठंडी हवाओं जहां तापमान में गिरावट आती है वहीं इससे व्यक्ति की सेहत के साथ स्किन पर भी असर पड़ता है। ठंड के मौसम में हवा रूखी होती है, जिससे त्वचा की प्राकृतिक नमी कम होने लगती है। इसलिए हमें सर्दी के मौसम में अपनी त्वचा का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। सर्दी से स्किन रूखी और बेजान होने के साथ होंठ भी फटने लगते हैं। जिससे कुछ लोगों को स्किन रैशेज और खुजली जैसी त्वचा की समस्या हो जाती है।

**सर्दी में ज्यादा गर्म पानी में नहाने से बचें**

डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि कुछ लोग सर्दी में ज्यादा गर्म पानी में नहाना पसंद करते हैं। ज्यादा गर्म पानी में नहाने से स्किन का नेचुरल मॉइश्चर खत्म हो जाता है तथा त्वचा रूखी होने लगती है।

# महन्त प्रभातपुरी कन्या विद्यालय में सूर्य नमस्कार कराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :हरियाणा योग आयोग** के चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के आवाह्न पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ सुदेश जाटयान के निदेर्शानुसार व जिला योग समन्वयक डॉ जागीर सिंह जी के सहयोग से झांसा रोड श्याम कालोनी स्थित महन्त प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में छात्राओं को सामूहिक सूर्य नमस्कार करवाया गया । हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा मार्गदर्शक व मुख्य वक्ता



के रूप में उपस्थित रहे । उन्होंने सभी छात्राओं व अध्यापिकाओं को सूर्य नमस्कार के 12 मंत्रों के बारे में विशेष जानकारी दी । कार्यक्रम को सफल रूप से आयोजित करवाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य भजन राठोर का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य टीम के अन्य सदस्य उप-प्राचार्या मंजुला शर्मा, कुसुम शर्मा,ज्या वत्स, आलिषा अरोड़ा, मोनिका,सरिता शर्मा, रेखा धीमान व ज्योति ने भी कार्यक्रम को बेहतर रूप से करवाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया । आयुष विभाग की ओर से योग विशेषज्ञ मनजीत,आयुष योग सहायक हरदीप व राजीव ने सूर्य नमस्कार की 6 आवृत्तियाँ सभी छात्राओं को करवाई। 12 जनवरी से 12 फरवरी तक समस्त हरियाणा में किये जाने वाले *हर घर परिवार, सूर्य नमस्कार* अभियान को जन जन तक पहुंचाने हेतु हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग, शिक्षा विभाग व खेल विभाग, विद्या भारती व योग से जुड़ी समस्त संस्थाएं संयुक्त रूप से कृत संकल्प होकर प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। विगत वर्षों 75 करोड़ व 75 लाख सूर्य नमस्कार के लक्ष्य को प्राप्त कर हरियाणा योग आयोग गिन्निज बुक ऑफ वर्ड रिकाड्र्स में भी अपना नाम दर्ज करवा चुका है। विद्यालय के प्राचार्य राठोर ने आश्वासन दिया कि सूर्य नमस्कार अभियान हेतु वे एक सप्ताह तक प्रतिदिन आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग के योग्य मार्गदर्शन में निरंतर कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# भीमसेन सच्चर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा । समालखा खण्ड के गावे पटिकल्याण में** गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश, आश्रम पट्टीकल्याणा में स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी संयुक्त पंजाब के दूसरे मुख्मंत्री भीमसेन सच्चर की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ के पश्चात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि की न्यासी हेमलता रावत ने सच्चर साहब के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि आप पंजाब के मुख्यमंत्री पद पर दो बार रहे और



1956 से 1957 तक उड़ीसा के राज्यपाल तथा 1957 से 1962 तक आंध्र प्रदेश के राज्यपाल रहे। आपातकाल के दौरान इन्हें जेल भी जाना पड़ा। भीमसेन सच्चर सच्चे गांधीवादी थे। इन्होने अपने जीवनकाल के दौरान खादी एवं ग्रामोद्योगी वस्तुओ का प्रयोग किया। इनके द्वारा पंजाब के विकास के लिए जो योगदान दिया गया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। खादी के लिए भी आपने काफी कार्य किया और पंजाब खादी मंडल के अध्यक्ष भी रहे।

## कुंभ नगरी पहुंच संगम स्नान करेंगे विधानसभा अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण 7 फरवरी को कुंभ नगरी प्रयागराज पहुंच संगम स्नान करेंगे। इसके लिए उन्होंने प्रदेश के विधायकों को भी निमंत्रण भेजा है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से प्रदेश के विधायकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि अगर वे कुंभ में शामिल होने के इच्छुक हैं तो 20 जनवरी तक अपनी सहमति विधानसभा सचिवालय को भिजवा दें। विधायकों को यात्रा का खर्च स्वयं वहन करना होगा। विधानसभा सचिवालय विधायकों के लिए प्रयागराज में व्यवस्था प्रदान करने में सहयोग करेगा।

# बुनियाद लेवल- 2 की परीक्षा के लिए 1125 छात्र चयनित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : मिशन बुनियाद** के अंतर्गत बुनियाद लेवल- 2 की परीक्षा के लिए 1125 विद्यार्थियों को चयनित किया है जो 28 जनवरी 2025 को होने वाली परीक्षा में भाग लेंगे। जिला विज्ञान विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कुरुक्षेत्र जिले से बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा में 4180 विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें से 1125 विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा के लिए चयनित किया है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया की बुनियाद लेवल-2 की परीक्षा 28 जनवरी 2025 को होगी तथा विद्यार्थियों को परीक्षा आरंभ होने से आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि बुनियाद लेवल-1 की परीक्षा में



राजकीय माध्यमिक विद्यालय समसीपुर के छात्र पूर्व ने 180 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय माध्यमिक विद्यालय झिनझरपुर की छात्रा स्नेहा ने 125 अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सम्भाल्खी के छात्र कार्तिक एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय आलमपुर की छात्रा शिवम् ने 115 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला कुरुक्षेत्र में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्योतिसर के सर्वाधिक 29 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा के लिए हुआ है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विदुयालय थानेसर के 24 तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रतापगढ़ के 16 विद्यार्थियों का चयन बुनियाद लेवल 2 परीक्षा के लिए हुआ तथा उन्होंने कुरुक्षेत्र जिला में क्रमश: द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बुनियाद लेवल 2 की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत राजकीय विद्यालयों में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर परंतु बौद्धिक रूप से श्रेष्ठ विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से ही आईआईटी, नीट, एनडीए तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी निशुल्क करवाई जाती है। रोहतास वर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को स्टेशनरी, वर्दी, परिवहन भत्ता व अन्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# गलियों के निर्माण कार्य पर करीब 7 करोड़ खर्च होगा: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पूर्व राज्यमंत्री** सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से सेक्टर 7 व सेक्टर 13 में बरसाती पानी की निकासी की परियोजना तथा शहर के विभिन्न वार्डों में गलियों और सडकों के निर्माण कार्य पर करीब 7 करोड का बजट खर्च किया जाएगा। इन विकास कार्यों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अधिकारियों के साथ-साथ संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को विशेष फोकस रखना होगा। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा थानेसर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने



3 करोड 60 लाख की लागत से सेक्टर 7 ओर सेक्टर 13 में बरसाती पानी की निकासी की परियोजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही 34 लाख 82 हजार की राशि से सेक्टर 5 में पार्क के विकास कार्य, 20 लाख 89 हजार की राशि से बाबू कबाडी से जुनेजा वाकली इन्द्रसेन कालोनी में गली निर्माण कार्य, 46 लाख 43 हजार की लागत से शिव कालोनी में रणबीर सिंह के घर से इशम सिंह के घर तक, रवि के घर से रमेश फौजी के घर तक, रामकुमार के घर से राजकुमार के घर तक, रवि की दुकान से रवि आटा चक्की तक गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने 49 लाख 69 की लागत से वार्ड 17 में राजेश गुम्बर के घर से डा प्रकाश साधू मंडी, वार्ड 17 में ही साधू मंडी से रेलवे रोड, साधू मंडी में महेन्द्र के घर से कपिल के घर तक, राजेन्द्र कुमार के घर से प्रवेश सिंगला घर तक, पीडब्लयूडी रोड से सागर टाइप साधू मंडी, हनुमान मंदिर से सागर टाइप की गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री ने 62 लाख 63 हजार की राशि से सेक्टर 8 में मकान नंबर 277 से 338, 478 से 488, 518 से 527, 882 से 892, 901 से 913 तक गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसके साथ ही पूर्व राज्यमंत्री ने 65 लाख 86 हजार की लागत से सेक्टर 3 में मकान नंबर 820 से 821, 1228 से 1247, 1218 से 1217, 1247 से 1217, 1340 से 1342, 1251 से 1320 व 22 लाख 34 हजार की लागत से पूर्ण सिंह वाल्मिकि के घर से विजय वाल्मिकि के घर तक गली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से थानेसर विधानसभा क्षेत्र में कभी भी बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस हल्का में तेज गति के साथ विकास कार्य किए जाएंगे। इस शहर के प्रत्येक वार्ड में सामान रूप से विकास कार्य किए जा रहे है।

# भा.ज.पा. जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने ली नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय जनता** पार्टी (भा.ज.पा.) के जिलाध्यक्ष सुशील राणा ने आज जिले के नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की। जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स ने बताया कि इस बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मुद्दों, आगामी चुनावों की रणनीति और कार्यकताओं के प्रशिक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। सुशील राणा ने सभी मंडल अध्यक्षों को पार्टी के विचारों और उद्देश्यों से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन



को मजबूती देने के लिए सभी को सक्रिय रूप से काम करना होगा। इसके अलावा, क्षेत्रीय विकास और समाज की भलाई के लिए पार्टी के कार्यक्रमों को गति देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

बैठक में आगामी कार्यों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए और सभी मंडल अध्यक्षों को संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के लिए प्रेरित किया गया।

# दिल्ली चुनाव के लिए भारत गठबंधन ने घोषित किए उम्मीदवारः बलदेव राज सूद

**प्रेस विज्ञप्ति**

**उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार मुक्त शासन और जन समस्याओं का समाधान देने के लिए चुना गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** :भारत गठबंधन के घटक दल स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील राव शिंदे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति मे बताया कि भारत गठबंधन, जो 50 से अधिक राजनीतिक दलों का गठबंधन है। गठबंधन के संयोजक मंडल के सदस्य तथा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद ने आज दिल्ली प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए गठबंधन ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। यह गठबंधन आप, भाजपा और कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को चुनौती देने और दिल्ली के नागरिकों को एक नया, पारदर्शी विकल्प देने के उद्देश्य से चुनाव में उतर रहा है।स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्य अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने बताया कि गठबंधन ने 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इन उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार मुक्त शासन और जन समस्याओं का प्रभावी समाधान देने के लिए चुना गया है। यह गठबंधन समावेशी और जवाबदेह शासन के अपने विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।और जन घोषणापत्रः जनता के परामर्श के आधार पर तैयार किया गया घोषणापत्र 22 जनवरी 2025 को जारी किया जाएगा। इसमें बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी जैसे प्रमुख मुद्दों को शामिल किया जाएगा।जन संपर्क कार्यक्रमः रोड शो, नागरिक चर्चा और धर्म संवाद जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं से सीधा संपर्क किया जाएगा।भारत गठबंधन 50 से अधिक राजनीतिक दलों का एक विविध गठबंधन है, जिसमें प्रमुख दल स्वाभिमान पार्टी ,न्याय पार्टी, नेशनल लोक कल्याण पार्टी ,दिल्ली जनता पार्टी ,समग्र विकास पार्टी, सर्व हित समाज सेवा पार्टी, अनिल भारतीय हिंद क्रांतिदल ,फौजी जनता पार्टी का गठबंधन है।

इनके साथ-साथ 10 अन्य सहयोगी दल भी चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। यह गठबंधन आप, भाजपा और कांग्रेस के कथित भ्रष्टाचार और अक्षमता के खिलाफ एकजुट होकर एक नई राजनीति का वादा करता है।

# सांसद खेल महाकुंभ, अनुराग का ड्रग्स के खिलाफ क्रांतिकारी व कारगर कदमः अत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** :सांसद खेल महाकुंभ, भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी एवं सकारात्मक सोच का प्रमाण है, यह बात पूर्व में खेलों में हिमाचल प्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व एवं प्रतिनिधित्व कर चुके , युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने सांसद खेल महाकुंभ -3, वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बीड बगेहडा में बतौर मुख्यअतिथि खिलाडि?ों व युवाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

बीड-बगेहडा में वॉलीबॉल **प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बतौर मुख्य अतिथि बोले, भाजपा प्रदेश सचिव**

मुख्य अतिथि नरेंद्र अत्री ने कहा कि इस आयोजन से जहां एक तरफ संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव से संबंध रखने वाले युवा को खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिल रहा है वहीं आज ड्रग जैसी गंभीर समस्या से निपटने में भी यह आयोजन पांचवीं बार के सांसद अनुराग ठाकुर का एक क्रांतिकारी व कारगर कदम सिद्ध हो रहा है। इसीलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सांसद अनुराग ठाकुर की इस अतुल्य पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा की व देश के विभिन्न भागों के अन्य सांसदों से भी सांसद खेल महाकुंभ जैसे आयोजन करने को कहा।

इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा मंडल सुजानपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र ठाकुर, युवा मोर्चा कपिल मोहन शर्मा, भाजपा जिला सचिव अनिल परमार, आचार्य सुजानपुर मंडल महामंत्री जगन कटोच, युवा मोर्चा सुजानपुर अध्यक्ष शुभम राणा, महामंत्री एश्वर्य राठौर, बीड बगेहडा पंचायत प्रधान रजनी वाला , सहित दर्जनों गणमान्य व युवा मौजूद रहे।

# जिला चंबा से संबंधित विकास कार्यों के बारे में समीक्षा बैठक आयोजित

**बैठक**

**केंद्रीय सूक्ष्म लघु व मध्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने की बैठक की अध्यक्षता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**

**चंबा** :एनएचपीसी कार्यालय बनीखेत के बैठक कक्ष में जिला चंबा से संबंधित विकास कार्यों बारे समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने की। बैठक में जिला चंबा में सडक स्वास्थ्य व शिक्षा के अलावा कई अन्य विभागों से संबंधित विकास के विभिन्न पहलुओं बारे विस्तृत चर्चा व उनकी समीक्षा की गई।शोभा करंदलाजे ने बैठक में उपस्थित राज्य व केंद्र सरकार से संबंधित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को लागू करते समय बेहतर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को योजनाओं द्वारा लाभान्वित किया जा सके। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों व महिलाओं को दिए जाने वाले आहार, 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान, आंगनबाड़ी केंद्रों में भवनो व अन्य सुविधाओं की उपलब्धता, जिला चंबा में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूलों में दिए जाने वाले मध्यकालीन भोजन, मुद्रा लोन , प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना तथा कृषि व बागवानी विभाग से संबंधित योजनाओं बारे भी विस्तृत चर्चा की गई तथा केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।उन्होंने कृषि व बागवानी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं बारे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें ताकि जिला के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि कृषि व बागवानी विभाग की नई व उन्नत तकनीकों के बारे में लोगों को जागरूकता शिवरों के माध्यम से भी जागरूक किया जाए ताकि कम लागत में ज्यादा पैदावार करते हुए किसानों व बागवानों की आर्थकी को सुदृढ़ किया जा सके। शोभा करंदलाजे ने लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में सडक सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव को निर्देश दिए कि वे जिला में महिलाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम व नशे की रोकथाम के अलावा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए कारगर कदम उठाएं। बैठक में ईपीएफओ, एमएसएमई, ईएसआईसी, एनएसआईसी तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अतिरिक्त जिला चंबा में सीएसआर के तहत स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों एवं परियोजनाओं के विषय में भी महत्वपूर्ण चर्चा व समीक्षा की गई।इससे पूर्व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने केंद्रीय राज्य मंत्री का सर्वप्रथम स्वागत किया तथा उन्हें विधिवत सम्मानित किया। उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में समय देने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि बैठक में उनके दिए गए दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# गोंदपुर जयचंद में स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदपुर जयचंद में सडक सुरक्षा क्लब के तहत शनिवार को एक जागरूकता रैली और कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सडक सुरक्षा साईन वितरण किए गए। इसके पश्चात बच्चों ने रैली निकालकर स्थानीय लोगो को भी जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान अनूप अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य दिलावर सिंह, अशोक कुमार, संजीव कुमार, रोड सेफ्टी कलव इंचार्ज दविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, संदीप संधु, स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजोगिता और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# केलांग में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**



**कुल्लू** : जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष 15 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारियों को ले कर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई ।यह दिवस जिला स्तर पर उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में प्रातः11:30 बजे आयोजित किया जाएगा जिसमें जिला के नये पात्र युवा मतदाताओं (18+) को मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा उपायुक्त राहुल कुमार ने यह भी बताया कि देश के मजबूत लोकतंत्र में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 25 जनवरी, 2025 को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में भी इस दिवस को जिला स्तर पर आयोजित किया जा है उन्होंने बताया कि नये मतदाताओं को पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित करने के साथ-साथ शपथ भी दिलवाई जाएगी।विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा लोकतंत्र की मजबूती व मतदाताओं की सहभागिता को लेकर भाषण ,चित्रकला, नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगाऔर इन्हें भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। तहसीलदार जिला निर्वाचन लाहौल स्पीति पवन राणा ने बैठक का संचालन किया।निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक)केलांग रजनीश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने जताई चिंता नशों में डूबते युवाओं के प्रतिः डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा

**लत**

**डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि नशे की लत से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हिमाचल** : डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कहा कि नशे की लत से लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ होती हैं। नशे से लीवर खराब होने, हृदय संबंधी , सांस संबंधी समस्याएँ और शरीर में तंत्रिका तंत्र को हानि जैसे कई रोग हो सकते हैं। मादक द्रव्यों के सेवन को अक्सर अवसाद, चिंता और मनोविकृति जैसे मानसिक स्वास्थ्य विकारों से जोड़ा जाता है। यह पहले से मौजूद मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को भी बढ़ा सकता है। नशे से लोगों व्यवहार में बदलाव हो सकते हैं, जिससे निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो सकती है और विकट परिस्थितियों में दुर्घटनाओं और चोटों की संभावना बढ़ सकती है। नशा मुक्ति इस समस्या से छुटकारा पाने का उपाय है जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।

# पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर के मैदान में धूमधाम से मनाया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर** : रामपुर में उप मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर निशांत तोमर ने की । इस अवसर पर उन्होंने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस का आयोजन पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर के मैदान में किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजनों की पूरी तैयारी करने के निर्देश दिए है । रामपुर में उप मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के तैयारियों के लिए सभी विभागों को अपना दायित्व दिया गया और इसे समय पर पूर्ण करने के लिए कहा हैं। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्थानीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य आकर्षण भव्य परेड रहेगा। इस परेड में हिमाचल पुलिस की टुकड़ी , वन रक्षक, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड व स्थानीय पाठशालाओं के बच्चें भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने रामपुर उप मंडल के जनता से अपील की है कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर में आकर इसे हर्षोल्लास के साथ मनाए । बैठक में नायब तहसीलदार सुरेश नेगी, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर यसपाल, अध्यक्ष सर्वहितकारी व्यापार मण्डल तन्मय शर्मा, पथ परिवहन निगम, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, सिंचाई विभाग, बिजली बोर्ड, खंड विकास अधिकारी, नगर परिषद, एनसीसी, पुलिस विभाग के अधिकारी व स्थानीय पाठशालाओं के प्रधानाचार्य भी उपस्थित रहे ।

# भरवाई से कोटली सडक का विधायक बबलू ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने शनिवार को भरवाई से कोटली तक बनाए गए रोड़ का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक बबलू ने स्थानीय गांव वासियों के योगदान और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल्द ही लोक निर्माण विभाग से बैठक कर इस रोड़ के निर्माण के लिए करीब 10 करोड़ के बजट का प्रावधान करवाया जाएगा और कार्य शुरू किया जाएगा।

# रामपुर एचपीएस द्वारा बीपीएल परिवार की महिलाओं को स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतु वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**लिहांटू**

**रामपुर बुशहर** :एसजेवीएन के सीएसआर निति के तहत रामपुर एचपीएस द्वारा परियोजना प्रभावित पंचायतों की महिलाओं के विकास एवं स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतु विविध कार्यक्रम एवं योजनाएं चलाई जा रही है। एसजेवीएन रजत जयंती महिला एवं बाल विकास योजना के तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार (बीपीएल) की महिलाओं एवं उनके शिशुओं के लिए प्रसव पूर्व और प्रसव उपरांत स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान भी है। इसी कड़ी में ई. विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख, रामपुर एचपीएस द्वारा समेल्लन कक्ष, बायल में आयोजित



कार्यक्रम में ब्रो,पोशना, बाहवा,गडेज, जगातखाना, कुशवा व दत्तनगर पंचायतों के गांव की बीपीएल परिवारों की महिलाओं को पूरक पोषक आहार सामग्री (ड्राई फ्रूट) का गिफ्ट पैक प्रदान किया द्व इसके अतिरिक्त रु0 10,000/- की राशि (प्रत्येक महिला) इन महिलाओं के बैंक खाते में ऑनलाइन जमा की गई है द्व इस अवसर में परियोजन प्रमुख ने कहा कि स्वास्थ्य अनुरक्षण हेतु बायल में स्थापित परियोजना अस्पताल तथा हेल्प इंडिया के माध्यम से एक्सरे, फिजियो थिरेपी, डेंटल क्लिनिक द्वारा स्थानीय लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है।

इसके अतिरिक्त हेल्प इंडिया की मोबाइल चिकित्सा वेन के माध्यम से स्थानीय लोगों को घर द्वार निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा भी प्रदान की जाती है।परियोजन प्रमुख ने कहा कि एसजेवीएन की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री राज कुमार चौधरी तथा अध्यक्ष एसजेवीएन फाउंडेशन एवं निदेशक, कार्मिक श्री अजय शर्मा के उचित मार्गदर्शन से महिलाओं को उनके जीवन के अहम पड़ाव में स्वास्थ्य अनुरक्षण प्रदान कर उन्हें तथा उनके शिशुओं का भविष्य सुरक्षित करने में सहयोग दिया जा रहा है द्व इस योजना से अब तक 131 महिलायें लाभ उठा चुकी है द्व इस अवसर पर रामपुर एचपीएस के सभी विभागाध्यक्ष तथा सीएसआर विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सांसद सुरेश कश्यप ने आईजीएमसी मौत मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला**: भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार को हिमाचल की जनता बारे कोई चिंता नहीं है, उनकी तरफ से जनता की जान की कोई कीमत नहीं है। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के एक कैंसर रोगी की मौत के बाद मामला सीएम हेल्पलाइन में पहुंच गया है। जिससे हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुल गई। सीएम हेल्पलाइन को दी शिकायत में परिजनों ने इंजेक्शन न मिलने से रोगी की मौत होने का आरोप लगाया है। यह प्रदेश सरकार के लिए शर्म की बात है, पूर्व भाजपा सरकार ने अनेकों ऐसी योजनाओं की शुरूआत की थी जिसे जनता को बहुत फायदा हुआ था। जेब में एक रु भी ना हो तब भी व्यक्ति अपना इलाज करवा सकता था पर, शायद इस सरकार को वह जनकल्याणकारी योजनाएं पसंद नहीं आई।

उन्होंने कहा कि कैंसर रोगी हिमकेयर योजना के तहत पंजीकृत था लेकिन अस्पताल में रोगी को इंजेक्शन नहीं मिला। बीते माह रोगी की मौत हो गई थी।

रोगी की बेटी जाह्नवी शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन पर इस संबंध में शिकायत की है। आरोप है कि हिमकेयर में पंजीकृत होने और उसमें राशि होने के बावजूद




उसके पिता देवराज को इंजेक्शन नहीं मिला। जाह्नवी ने सीएम हेल्पलाइन पर इस कोताही के लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। भाजपा मृतक के परिवार के साथ है, सरकार द्वारा हस्पताल प्रशासन के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। मृतक के परिवारजनों ने आरोप लगाया है कि उनके पिता को आईजीएमसी के डॉक्टर ने 13 नवंबर को एक जरूरी इंजेक्शन लगवाने के लिए कहा था। आईजीएमसी प्रबंधन के बार-बार चक्कर काटने के बाद भी इंजेक्शन नहीं मिला। इंजेक्शन की कीमत करीब 50 हजार रुपये थी। परिवार की आर्थिक हालत इतनी अच्छी नहीं है कि वह इंजेक्शन खरीद पाए। लिहाजा 3 दिसंबर को उनके पिता की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में मरीजों की एंजियोग्राफी बंद हो गई है। इस वजह से कार्डियोलॉजी विभाग में उपचार करवाने आ रहे मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। हिम केयर और प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का पांच लाख तक मुफ्त में उपचार होता है। लेकिन मेडिकल स्टोरों के संचालकों को इन योजनाओं के लंबित बिलों का भुगतान न होने से संचालकों ने अब सामान देने से मना कर दिया है। इस कारण आईजीएमसी में एंजियोग्राफी बंद हो गई है। इन मरीजों के चिकित्सकों ने केस बना रखे थे लेकिन एंजियोग्राफी बंद होने से अब उनके केस रद्द करने पड़े हैं।

# जुन्गा स्कूल की राधिका हॉकी में खेलेगी नेशनल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** :राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा की दसवी कक्षा की छात्रा राधिका शर्मा हॉकी में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने दमखम दिखाएगी । प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने राधिका को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हाल ही में कांगड़ा जिला के रैत में सपंन हुई हॉकी की राज्य स्तरीय अंडर 19 मेजर खेल प्रतियोगिता में राधिका का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है जोकि आगामी 29 जनवरी से



02.फरवरी तक मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स रांची, झारखंड में होने जा रही है जिसमें हिमाचल प्रदेश से 18 छात्राओं का चयन हुआ है जिसमें राधिका का नाम भी शामिल है । इससे पहले राधिका का राज्य स्तर के लिए चयन सुन्नी में संपन हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुआ था।प्रधानाचार्य ने बताया कि राधिका शर्मा जुन्गा पाठशाला की होनहार बेटी है । जिसने हॉकी खेल में पाठशाला और समूचे जुन्गा क्षेत्र का नाम रोशन किया है । राधिका एक साधारण परिवार से संबध रखती है इन के पिता जगत राम एक कियान है जोकि पुराना जुन्गा में रहते है। जगत राम ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व है । प्रधानाचार्य ने बताया कि राधिका सहित सभी छात्रा खिलाड़ी आगामी 23 से 25 जनवरी तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माजरा सिरमौर में कोचिंग कैंप में भाग लेगी।

# छावनी में विज ने नवनिर्मित साइकिल ट्रैक का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: हरियाणा** के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हमने यहां पर आत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा युक्त नागरिक अस्पताल बनाकर दिया और लोगों का स्वास्थ्य बेहतर रहे इसकी चिंता करते हुए गांधी ग्राउंड में साइकिल ट्रैक बनाकर दिया गया है जहां लोग रोजाना साइकिल चलाते हुए फिट रह सकें। विज ने अम्बाला छावनी के गांधी ग्राउंड में 93.62 लाख रूपए की लागत से निर्मित साईकल ट्रैक,



चारदीवारी, स्ट्रीट लाईटों के उद्घाटन के दौरान कही। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने नवनिर्मित लगभग एक किलोमीटर लंबे साइकिल ट्रैक पर स्वयं साइकिल चलाते हुए गाना गुनगुनाया। उन्होंने लोगों को यहां आकर साइकिल चलाकर फिट रहने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा हम लगातार अम्बाला छावनी का जो हक है, उसे दिलाने का काम कर रहे हैं और विकास कार्यों को निरंतरता में करवाकर यहां की सुंदरता और भव्यता को बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज साइकिल ट्रैक के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों का उदघाटन भी किया गया है। ऊर्जा व परिवहन मंत्री ने कहा कि अम्बाला के लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए यहां पर आत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा से युक्त बेहतरीन नागरिक अस्पताल बनाने का काम किया गया है। पहले इस अस्पताल में 300 की ओपीडी होती थी लेकिन अब यहां पर 3000 से ज्यादा की ओपीडी है क्योंकि अब यह वातानुकूलित अस्पताल है तथा सभी प्रकार के चिकित्सक व सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि लोग बीमार न हो, इसकी चिंता करते सुभाष पार्क बनाया गया है जहां पर लोग सुबह-शाम सैर करते हैं और इस पार्क की सुंदरता का आंनद लेते हैं। बाहर से भी आकर लोग इस पार्क की भव्यता को देखकर व यहां पर घूमकर अपने आप को काफी आनंदित महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए गांधी ग्राउंड, अम्बाला छावनी में साइकिल ट्रैक बनाया गया है ताकि लोग यहां आकर साइक्लिंग एक्सरसाईज कर सकें।

# ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन की हुई मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: ऑल इंडिया किसान** खेत मजदूर संगठन, सोनीपत जिला इकाई की एक मीटिंग अशोक विहार कार्यालय में संगठन के प्रधान हंसराज राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई । आज की मीटिंग में संगठन के राज्य सचिव कॉमरेड जयकरण मांडोठी क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा की, सरकार ने "राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति" लाकर किसान समुदाय के ऊपर फिर से जबरदस्त हमला बोला है। सरकार सिर्फ चंद कॉरपोरेट के लिए काम कर रही है। आम जनता के हितों से इस निती का दूर तक कोई वास्ता नहीं है। एसकेएम के आवाहन पर इस कृषि नीति के खिलाफ व एमएसपी को कानूनी



गारंटी देने व किसानों के कर्ज माफी, बिजली संशोधन बिल व किसान नेता जगजीत सिंह ढललेवाल की जान बचाने के लिए 26 जनवरी को पूरे देश के जिला मुख्यालयों पर जोरदार ट्रैक्टर रैलियां निकाली जाएगी। इसमें कार , मोटरसाइकिल व अन्य वाहनन भी शामिल रहेंगे। एस के एम ने किसानों से 26 जनवरी की ट्रैक्टर रैली में शामिल होने का आवाहन किया है । सोनीपत जिले में 26 जनवरी को सेक्टर 23 के महलाना रोड मैदान के पास से यह ट्रैक्टर रैली शुरू होकर, बस अड्डा होते हुए छोटू राम चौक और डीसी कार्यालय तक जाएगी। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईयूटीयूसी) ने सरकार की जन विरोधी, किसान विरोधी व देश विरोधी नीतियों के खिलाफ 25 फरवरी को देश भर में प्रदेशों की राजधानियों में प्रदर्शन किए जाएगे।

## न्यूज फ्लैश

### कबड्डी प्रतियोगिता के लिए महिला व पुरुष 118 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल: मनोज कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र: जिला खेल अधिकारी** मनोज कुमार ने कहा कि हरियाणा खेल विभाग की तरफ से 20 जनवरी को अंबाला जिले के गांव बड़ागढ़ में निर्मित आधुनिक खेल परिसर में इंटर जोनल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस कबड्डी प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।
डीएसओ मनोज कुमार ने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञिप्त में कहा कि इंटर जोनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए शनिवार को द्रोणाचार्य स्टेडियम में चयन ट्रायल रखा गया। इस ट्रायल में कुरुक्षेत्र, कैथल, पंचकूला, यमुनानगर व करनाल से पुरुष वर्ग में 50 और महिला वर्ग में 68 खिलाडि ?ों ने भाग लिया। इन ट्रायल के बाद सर्वश्रेष्ठद्द प्रदर्शन करने वाले 12 महिला खिलाडि ?ों और 12 पुरुष खिलाडि ?ों का चयन किया गया है। इस मौके पर लॉन टेनिस प्रशिक्षक गौरव शर्मा, कुश्ती प्रशिक्षक जसमिंद्र सिंह, संदीप, रोशनी देवी व अन्य प्रशिक्षक मौजूद थे।

### किसान-मजदूर संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीटू, अखिल** भारतीय खेत मजदूर यूनियन, किसान सभा, दलित अधिकार मंच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ और सर्व कर्मचारी संघ के नेतृत्व में आज शहर में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इन संगठनों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और गायक रॉकी मित्तल की गिरफ्तारी की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कर्ण पार्क में एकत्रित होकर नारेबाजी शुरू की और वहां से जुलूस की शक्ल में कमेटी चौक तक मार्च किया। सीटू के जिला प्रधान सतपाल सैनी, बलराज, कामरेड जगमाल सिंह और ओपी सिंहमार की अध्यक्षता में प्रदर्शन ने जोरदार नारेबाजी के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। सीटू के राज्य महासचिव जय भगवान, जगपाल राणा, सेवा राम और अन्य नेताओं ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के कसौली में एक युवती के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली और गायक रॉकी मित्तल के खिलाफ डेढ़ महीने पहले एफआईआर दर्ज की गई थी। बावजूद इसके आज तक दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और न ही पार्टी ने उन्हें निष्कासित किया। इन नेताओं ने कहा कि जैसे ही मामला मीडिया में आया भाजपा ने मीडिया ट्रायल का सहारा लिया।

### पंचायती चौपाल विवाद सुलझाने गए युवक को घोंपा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में पंचायत** चौपाल पर चल रहे विकास कार्य को लेकर हुए विवाद में एक युवक को चाकू घोंप दिया। युवक गांव के सरपंच प्रतिनिधि के साथ विवाद सुलझाने के लिए गया था। सरपंच प्रतिनिधि के साथ पंच भी था। घायल युवक को इंद्री के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में करनाल रेफर किया गया, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। सरपंच प्रतिनिधि ने इंद्री थाना में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता सरपंच प्रतिनिधि राजेश कुमार ने बताया कि पंचायत द्वारा हरिजन चौपाल पर पेंट का काम चल रहा था। 17 जनवरी को दोपहर करीब 4 बजे के बीच आरोपी साहिल, सौरव और महिला राजेश कुमारी पत्नी रामकुमार ने पेंट के काम को रुकवा दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। सूचना मिलने पर राजेश कुमार अपने साथी संदीप कुमार, पंचायत सदस्य विकास और सुरेश लांबा के साथ मौके पर पहुंचे। तभी तीनों आरोपियों ने विवाद बढ़ाते हुए गाली-गलौज के बाद हाथापाई शुरू कर दी।

# चोरी की बाईक रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अम्बाला** पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी की मोटरसाईकिल रखने के मामले में 17 जनवरी 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल ने उप निरीक्षक जरनैल सिहँ के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए आरोपी आमिर उर्फ भोला निवासी शिव कालोनी काला आम्ब थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरास्त में भेज दिया। तफतीस के दौरान आरोपी ने कुल नौ वाहन



बरामद करवाए है जिनमें दो एक्टिवा व सात मोटरसाईकिल है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बतलाया कि उसने यह वाहन बबैन, लाडवा, जगाधरी वगैरह से चोरी किए है। आरोपी काले आम्ब का रहने वाला है और ज्यादातर चोरियाँ बबैन, जगाधरी और लाडवा में करता है। आरोपी के खिलाफ वर्ष-2023 थाना इन्द्री में भी चोरी का मामला दर्ज है। आरोपी आदतन चोर है।
17 जनवरी 2025 को सीआईए-शहजादपुर के पुलिस दल को सूचना मिली कि आरोपी आमिर उर्फ भोला निवासी शिव कालोनी काला आम्ब थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला के पास चोरी की मोटरसाईकिल है जो उसे बेचने की फिराक में है और आज चोरी की मोटरसाईकिल बेचने के लिए काला आम्ब से नारायणगढ़ आएगा। न्यू हाईवे पर बने फ्लाई ओवर हरियाली ढाबा के पास नाकाबंदी की जाए तो आरोपी चोरी की मोटरसाईकिल सहित काबू आ सकता है। सीआईए-शहजादपुर के पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए न्यू हाईवे पर बने फ्लाई ओवर हरियाली ढाबा के पास नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध आरोपी को चोरीशुदा मोटरसाईकिल सहित काबू कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज किया।

# महाकुंभ के लिए बस सेवा का शशिकांत कौशिक ने किया शुभारम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**महाकुंभ की पवित्र यात्रा** के लिए समाजसेवी शशिकांत कौशिक ने निःशुल्क सेवा के रूप में पहली बस को रवाना किया। शशिकांत कौशिक ने उपस्थित यात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं का प्रतीक है। जब करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में स्नान कर अपने जीवन को शुद्ध करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

# 10.1 ग्राम स्मैक सहित नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीए के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने पेप्सी पुल के पास 10.1ग्राम स्मैक सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंकित निवासी बसताड़ा करनाल के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि शुक्रवार शाम को उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि अंकित निवासी बसताड़ा मादक पदार्थ लेकर बेचने के लिए कोहंड से पेप्सी पुल की तरफ आएगा। सूचना को पुख्ता मानते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम नाकाबंदी के लिए तुरंत पेप्सी पुल के पास पहुंची तो टीम को कोहंड की और से एक युवक पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई कर युवक को मौके पर ही काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी बसताड़ा करनाल के रूप में बताई। नियमानुसार पुलिस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट ईटीओ योगिंद्र मान की मौजूदगी में युवक की तलाशी ली तो उसके पहनी हुई जींस पेंट की दाहिनी जेब से पालीथीन के अंदर लाल रंगा का पाउडर नुमा पदार्थ मिला।

# साईकिल रैली के प्रतिभागियों को पानीपत संग्रहालय का भ्रमण करवाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भारत के वीर : एक शौर्य** गाथा साईकिल रैली जो हुसैनीवाला (पंजाब) से शुरू होकर नई दिल्ली गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पहुंच रही है। यह साइकिल रैली हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़ के द्वारा आयोजित करवाई जा रही है। इस साईकिल रैली का स्वागत 12 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रावत, सूबेदार मेजर सांगवान, और आई० बी० पीजी कॉलेज (पानीपत) की प्राचार्य डॉ० शशि प्रभा मलिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर आई०



बी० पीजी कॉलेज के सीटीओ डॉ० नरवीर, लाइबेरियन डॉ० प्रवीन कुमार और एनसीसी कैडेट्स उपरिस्थत रहे। साईकिल रैली के प्रतिभागियों को पानीपत संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया और पानीपत के ऐतिहासिक इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ० शशि प्रभा मलिक द्वारा उनकी बची हुई यात्रा जोकि 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस पर समाप्त होगी।

# वेटर से 10 हजार की लूट, एटीएम से निकाले पैसे

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। शहर के ब्रह्मानंद** चौक के पास एक होटल में काम करने वाले वेटर से बदमाशों ने मारपीट कर 10 हजार रुपए लूट लिए। युवक एटीएम से पैसे निकालकर घर जा रहा था। पीड़ित पर अचानक हमला किया गया। पीड़ित ने आरोपियों को पहचान लिया और मामले की शिकायत पुलिस को की। पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रामसूरत यादव करनाल की आनंद बिहार कॉलोनी पार्ट-2 में रहता है।

# पाठशाला से आमजन को किया जा रहा जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अम्बाला पुलिस** द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के दौरान आज 18 जनवरी 2025 को दुर्गाशक्ति टीम नारायणगढ़ अम्बाला ने थाना नारायणगढ़ क्षेत्र बस स्टैण्ड नारायणगढ़ व सरकारी पीजी कालेज नारायणगढ़ में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्राओं/शिक्षकों को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में दुर्गाशक्ति टीम नारायणगढ़ अम्बाला ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे



जानकारी दी। डायल 112 एप्प बारे छात्राओं/ शिक्षकों/ आमजन को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। हरियाणा उदय कार्यक्रम ह्यह्यपुलिस की पाठशाला के माध्यम से महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्लह्ल के माध्यम से छात्राओं/ शिक्षकों/ कामकाजी महिलाओं/आमजन को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा सुनिश्चित करके डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस, साईबर अपराध व यातायात के नियमों की विशेष जानकारी देना हैं जिससे गाँवों व कस्बों से आने वाली छात्राओं/कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके व आमजन को यातायात के नियमों और साईबर अपराधों की जानकारी देकर उन्हें जागृत किया जा सके।

# साइकिल सवार युवक से मोबाइल स्नेचिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/ ( कमाल हुसैन )**

**सीआईए टू पुलिस** टीम ने टीडीआई सेक्टर 23 के नजदीक साइकिल सवार युवक से मोबाइल स्नेचिंग करने वाले एक आरोपी को शुक्रवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर मलिक पेट्रोल पंप के पास से काबू किया। आरोपी की पहचान कन्हैया निवासी उग्राखेड़ी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बेरी वाली मस्जिद निवासी अपने साथी आरोपी इश्तयाक उर्फ राजा के साथ मिलकर फोन स्नेचिंग की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उन दोनों ने शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए मोबाइल स्नेचिंग की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि 12 जनवरी की सायं करीब 5 बजे वह साथी आरोपी इश्तयाक के साथ उसकी बाइक पर सवार होकर टीडीआई सेक्टर 23 की तरफ जा रहे थे। दोनों आरोपियों ने मुंह को कपड़े से ढका हुआ था। रास्ते में एक साइकिल सवार युवक से मोबाइल स्नेच कर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मोबाइल स्नेचिंग की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में राहुल पुत्र राकेश निवासी उग्राखेड़ी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

# अपोलो कबड्डी अकादमी के छात्र का कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा।** 8 जनवरी से 11 जनवरी तक हरिद्वार में आयोजित हुई नेशनल जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में अपोलो कबड्डी अकादमी पट्टीकल्याना के छात्र अंशुल ने न केवल बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम में जगह बनाई बल्कि गोल्ड विजेता जिता । कबड्डी खिलाड़ी अंशुल की इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह रखा गया।इसके लिए अपोलो स्कूल की प्रबंधन समिति और प्रधानाचार्य ने अंशुल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की



।अंशुल के प्रदर्शन पर अपोलो स्कूल में आज उसे सम्मानित भी किया गया। अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 से 11 जनवरी तक हरिद्वार में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी और हरियाणा की ओर से खेलते हुए अपोलो कबड्डी अकादमी के छात्र अंशुल ने नेशनल टीम में अपनी जगह बनाई।

# डेरी फार्मिंग-एक लाभकारी व्यवसाय विषय पर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया पानीपत , ( कमाल हुसैन ) चौधरी चरण सिंह** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में डेरी फार्मिंग - एक लाभकारी व्यवसाय विषय पर एक दिवसीए जागरूकता कार्येक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम "शेड्यूल कास्ट सब प्लान" योजना के तहत आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में पानीपत जिले की 50 किसान महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य उन्हे डेरी फार्मिंग के बारे में उचित ज्ञान और कौशल प्रदान करना था। इस कार्येक्रम में डॉ सतपाल सिंह, संयोजक, कृषि विज्ञान केंद्र, पानीपत ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने




अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को डेयरी फार्मिंग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि डेयरी फार्मिंग एक लाभकारी व्यवसाय हो सकता है, लेकिन इसके लिए किसानों को उचित ज्ञान और कौशल की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि डेयरी फार्मिंग में पशुओं की स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होती है और दुग्ध की गुणवत्ता में सुधार होता है। डॉ मोहित सहल, जिला विस्तार विशेषज्ञ, कृषि अर्थशास्त्री ने दुग्ध व्यवसाय में सरकारी योजनाओं और सब्सिडी की

**प्लान**

**यह कार्यक्रम "शेड्यूल कास्ट सब प्लान" योजना के तहत आयोजित किया गया**

महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं और सब्सिडी का लाभ उठाने से किसानों को पशुओं की खरीद, दुग्ध संग्रहण और विपणन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान हो सकती है जिससे कि उन्हें अपने व्यवसाय को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। केंद्र के अन्य वैज्ञानिक डॉक्टर राजेश कुमार ने पशुओं के चारे से संबंधित विभिन्न पहलूओ पर चर्चा की व डॉक्टर आशीष, मौसम वैज्ञानिक ने डरी व्यवसाय में होने वाले मौसम से संबंधित आवश्यक बदलावों के बारे में विस्तार से बताया। सभी प्रतिभागियों को व्यवसाय के रूप में अपनी डेरी फार्मिंग को आगे बढ़ाने के लिए इस योजना के तहत प्रत्येक प्रतिभागी को चार बैग मैश फीड के भी प्रदान किए गए। इस प्रकार, विशेषज्ञों ने दुग्ध व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करके किसानों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने व उनकी आजीविका उत्थान में मदद करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी रीना, राजपती व नीलम आदि ने भी अपने विचार सांझा किए।

# अखिल भारतीय कोली समाज की बैठक लखनऊ में हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अखिल भारतीय कोली समाज नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप (पूर्व सांसद) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का शुभारंभ भगवान बुद्ध, संत कबीर साहेब, बाबा साहेब अंबेडकर, वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि मनोहर लाल कोरी (राज्यमंत्री श्रम सेवा विभाग) उत्तर प्रदेश सरकार, विशिष्ट अतिथि भानु प्रताप सिंह वर्मा (पूर्व सांसद )पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पंवार पूर्व सांसद (चेयरमैन-कोली भवन दिल्ली),राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरीशंकर माहौर(पूर्व विधायक), आर0 भूपति, मनुभाई चावड़ा एडवोकेट (गुजरात), डी0पी0 शंखवार(राष्ट्रीय महामंत्री)आदि ने किया। बैठक में विशेष रूप से हरीश चंदावत, महादेव बुवा,(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गण), विश्व



प्रकाश, (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष),विजय कुमार एडवोकेट(राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष), किशोर भाई (एडवोकेट), नाथूलाल, सुनील कच्छवाय (पूर्व पार्षद), राष्ट्रीय संगठक गण, राष्ट्रीय मंत्री देवराज कोली (पूर्व निगम पार्षद), दयानन्द कोली,(राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी), उत्तम कश्यप, मुकेश कोली (पूर्व विधायक), रुपसिंह कोली, पुष्पा ताई मडवी, (राष्ट्रीय सचिव गण), द्रोपदी कोली पूर्व पार्षद(राष्ट्रीय अध्यक्षा-महिला विंग ),मुकेश महावर,(राष्ट्रीय अध्यक्ष-युवा विंग) हीरा भाई सोलंकी (विधायक गुजरात) कुंवर जी कोठार (पूर्व विधायक) मध्य प्रदेश, राकेश माहौर (पूर्व सभापति) नगर निगम ग्वालियर एवं



दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश,चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, बिहार, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पांडिचेरी, केरला, गुजरात, दमन दीप, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्षों सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सहित करीब 101 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शपथ ग्रहण कराई गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भगवानदास शंखवार द्वारा वीरांगना झलकारी का चित्र, स्मृति चिन्ह एवं शाल और दुपट्टा उड़ाकर सम्मानित किया। बैठक में समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्य रूप से एक प्रस्ताव रखा एवं पारित किया गया जिसे समाज के वरिष्ठ नेता व पूर्व अध्यक्ष सत्य नारायण पंवार ने पेश किया गया कि 'देश एवं प्रदेशों में अनुसूचित जाति/जनजाति/ पिछड़ा वर्ग पर बढ़ते हुए अत्याचार पर गहरी चिंता व्यक्त की। सभी राजनीतिक दलों से 'भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर' द्वारा रचित मूल संविधान में किसी भी तरह की छेडछाड करने से परहेज करने की सलाह दी। सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर गहन आंकलन करने के उपरांत संगठन इस नतीजे पर पहुंचा कि गरीब, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग को विभिन्न शासकीय योजनाओं में जमीन स्तर पर ठीक से क्रियान्वयन न होने पर चिंता जताई गई। केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को आबादी के आधार पर प्रदेशों को बजट आवंटित किया जाता है परंतु उसका उपयोग इन वर्गो पर पुरी तरह नहीं किया जाता है।

# दिल्ली भाजपा नेताओं ने आठवें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं नई दिल्ली से सांसद बाँसुरी स्वराज ने आज एक पत्रकार सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के गठन का स्वागत किया है।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की सरकारी कर्मी आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों का योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने का माध्यम बन रहे हैं अतः साधुवाद के पात्र हैं।

सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा की कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग की स्थापना के बाद सरकारी कर्मचारियों में



भारी हर्ष है और नई दिल्ली वासी अनेक सरकारी कर्मचारी प्रतिनिधियों ने कल से मुझे फोन कर सरकार का आभार प्रकट किया है। काली बाड़ी से किदवई नगर तक सरकारी कर्मी आज संतुष्ट एवं प्रसन्न हैं की उनके लिए मोदी सरकार ने समय पर ध्यान दिया है। बांसुरी स्वराज ने कहा है की जहां वेतन आयोग की समयबद्ध स्थापना से सरकारी कर्मचारी अपने बेहतर कल को देख रहा है वहीं निजी वर्ग कर्मी भी आशावान हैं।

इस वेतन आयोग के गठन का लाभ जहां कर्मचारियों को होगा तो वहीं पेंशन भोगियों को भी होगा बांसुरी स्वराज ने कहा है की जहां वेतन आयोग का सीधा लाभ सरकारी कर्मियों को होगा।

# केजरीवाल न्यायालय में खुद को निर्दोष साबित करें: कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव में हार की बढ़ती संभावनाओं के बीच अरविंद केजरीवाल ने पहले अपना राजनीतिक संतुलन खोया और रोजाना बेतुकी ब्यानबाजी करते रहे हैं पर अब अपनी रोज की ब्यानबाजी से आगे बढ़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने आज खुद अपनी गिरफ्तारी को लेकर एक शार्ट फिल्म बनवा कर उसे चलवा कर नई भ्रम की स्थिती फैलाने की कोशिश की है। केजरीवाल का ब्यान की यह फिल्म चल जाती तो मेरी गिरफ्तारी की साजिश का सच



सामने आ जाता इसलिए भाजपा ने पुलिस से फिल्म की प्राइवेट स्क्रीनिंग रूकवा दी हास्यास्पद है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा है केजरीवाल समझ ले वह प्राइवेट स्क्रीनिंग में अपनी बनवाई फिल्म दिखाकर निर्दोष नही दिखेंगे उसके लिए उन्हे न्यायालय में खुद को निर्दोष साबित करना होगा।

# बुराडी से शैलेंद्र को मिल रहा है लोगों का अपार समर्थन: दीपक गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवार चुनावी दंगल में उतार दिए है। जिसको लेकर जहां एक ओर तो सभी प्रत्याशी अपने अपने विधानसभा क्षेत्र में बैठके व जनसभाओं का आयोजन कर जनता से संपर्क कर रहे है, तो दूसरी ओर भाजपा,कांग्रेस व आम आदमी पार्टी तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं को देने का वादा कर रहे है। बुराड़ी क्षेत्र से एनडीए व जदयू गठबंधन से उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार को बुराड़ी की जनता का खासा साथ मिल रहा है।



लोगों का रूझान शैलेंद्र की तरफ बढ़ने लगा है और लोग शैलेंद्र व पार्टी पर भरोसा जता रहे है। जदयू से दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं ने विधायक संजीव झा की कामचोरी के चक्कर में इतना विकराल रूप ले लिया है कि पिछले दस सालों से खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। गुप्ता ने कहा कि बुराड़ी का तो पहले से ही बुरा हाल था लेकिन दिल्ली में जब से केजरीवाल की आम आदमी पार्टी की सरकार आई है और क्षेत्र से संजीव झा विधायक बने है तब से तो बुराड़ी के लोगों का जीवन मूलभुत सुविधाओं के अभाव नारकीय हो चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता विधायक संजीव झा की कामचोरी से तंग आ चुके है और अब वह विधायक संजीव झा की कामचोरी को न तो बर्दाश्त कर सकते है।

# बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र: मंगेश त्यागी के जनसंपर्क यात्रा में उमड़ा हजारों लोगों का हुजुम









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बुराड़ी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी जोरो-शोरों से जन संपर्क अभियान यात्राएं कर रहे है,जिसमें कांग्रेस के बडे पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पूरी तरह से जोश के साथ लोगों के बीच हाजिरी लगा रहे है।

बुराडी से कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी ने बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में जनसंपर्क यात्रा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के बड़े बुजुर्गो सहित महिलाओं ने मंगेश का स्वागत कर उनको समर्थन देने की बात कही।

इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने मंगेश के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखी, जिस पर चर्चा करते हुए मंगेश ने कहा कि आने वाली पांच फरवरी को कांग्रेस को वोट देकर भारी बहुमतों से विजयी बनाएं और दिल्ली को विकास के पथ की ओर अग्रसर करने में योगदान दें। इस बीच क्षेत्रीय लोगों का कहना थी हमारे विधायक संजीव झा पूरे क्षेत्र में बस दो बार ही देखे गए थे, वह भी चुनाव के समय में इससे पहले विधायक पूरे दस सालों तक क्षेत्र से नदारद रहे और चूंकि अब चुनाव आ गए है तो फिर से वोट मांगने के लिए लोगों के घर-घर जाकर वोट मांग रहे है। लोगों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा को हम लोगों ने पूरे दस साल दे दिए बावजूद इसके क्षेत्र का विकास करना तो दूर की बात है विधायक ने तो क्षेत्र को नर्क से भी बद्तर बना कर रख दिया है। लेकिन इस बार क्षेत्र के लोग विधायक संजीव झा के बातो में नहीं फंसने लगे है और इस बार हम क्षेत्र के लोगों ने फैंसला किया है कि इस बार संजीव झा की हम लोग विदाई करके रहेंगे और कांग्रेस के उम्मीदवार मंगेश त्यागी को मौका देकर भारी बहुमतों से विजयी बनाकर विधायक बनाएंगे। इस दौरान मंगेश त्यागी ने क्षेत्र के बड़े बुजुर्गों का आर्शीवाद लिया व उनका आभार व्यक्त करते हुए उनसे आने वाली पांच फरवरी को कांग्रेस को जीताने की अपील भी की।

# मानहानि मामला: कोर्ट ने आतिशी की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में मजिस्ट्रेट कोर्ट की ओर से जारी समन को चुनौती देने वाली आतिशी मालेर्ना की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 28 जनवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। भाजपा नेता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक मानहानि याचिका




दायर की है। 28 मई 2024 को कोर्ट ने प्रवीण शंकर कपूर की मानहानि याचिका पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इस मामले में अभी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया है। याचिका में प्रवीण शंकर कपूर की ओर से कहा गया है कि केजरीवाल और आतिशी ने भाजपा नेताओं पर झूठा आरोप लगाया कि वे करोड़ों रुपये लेकर भाजपा में शामिल हो जाएं। प्रवीण शंकर कपूर की ओर से 27 जनवरी के अरविंद केजरीवाल के ट्विटर पर किए गए पोस्ट और आतिशी मालेर्ना के 2 अप्रैल की प्रेस कांफ्रेंस का

# भारत सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश: शिवराज सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कर्नाटक के शिमोगा में अन्वेषणा मलनाड स्टार्टअप समिट-2025 में सहभागिता की। समिट को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि हमारे युवा ऊर्जा से भरे हैं, उनके पास विजन और अपार क्षमता है। हमारे युवा स्टार्टअप के क्षेत्र में देश-विदेश में खूब नाम कमा रहे हैं। आज गांव-गांव में स्टार्टअप क्रांति हो रही है। एग्रीटेक स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या यह बताती है कि हमारे किसान नई तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जुड़ रहे



हैं। उन्होंने शिमोगा में सुपारी किसानों से संवाद किया।

इस दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा सुपारी उत्पादक देश है। कुल सुपारी उत्पादन में 63 प्रतिशत भागीदारी भारत की है। लगभग 58 हजार 664 करोड़ रुपये की सुपारी का पिछले साल उत्पादन हुआ था।

# नरेश बालियान ने हाई कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मकोका मामले के आरोपित और आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की। बालियान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। 15 जनवरी को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बालियान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट में दिल्ली पुलिस ने नरेश बालियान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि अपने बयान में उन्होंने कपिल सांगवान उर्फ नंदू



के साथ अपने संबंधों का खुलासा किया है। दिल्ली पुलिस ने सह-आरोपितों के इकबालिया बयानों का हवाला देते हुए कहा कि नरेश बालियान नंदू के संगठित अपराध सिंडिकेट में मददगार और साजिशकर्ता है। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि नरेश बालियान ने सिंडिकेट के एक सदस्य को पैसे भी मुहैया कराए थे। 4 जनवरी को मकोका से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। दिल्ली पुलिस ने मामले में एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेजों की चार्जशीट दाखिल की है।

4 दिसंबर को वसूली के मामले में नरेश बालियान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका के मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली मामले में नरेश बालियान को 30 नवंबर की रात को गिरफ्तार किया था।

# राजधानी दिल्ली के वायु, जल प्रदूषण के लिए केजरीवाल जिम्मेदार: संदीप दीक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्व सांसद, नई दिल्ली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद, नई दिल्ली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में वायु और जल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए अरविन्द केजरीवाल सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कोई काम नहीं किया है। खतरनाक दमघोटू वायु प्रदूषण और यमुना के प्रदूषित जहरीले पानी के कारण दिल्ली के लोगों की 10-11 वर्ष आयु कम हो रही है, जिसके लिए आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह जिम्मेदार है। संवाददाता सम्मेलन में संदीप दीक्षित के साथ, मीडिया कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार डा. नरेन्द्र नाथ, आस्मा तस्लीम, रश्मि सिंह मिगलानी मौजूद थीं। संदीप दीक्षित ने कहा कि राजधानी में अरविन्द

**दीक्षित ने कहा**

**अरविन्द केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में सिर्फ 64 कि0मी0 मंजूर करने के बाद यह कहना 400 कि0मी0 मेट्रो बढ़ाई है, लोगों को धोखा दे रहे है: संदीप**

केजरीवाल ने प्रदूषण के लिए हमेशा पराली जलाने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जबकि पिछले 8-9 साल पहले से क्यों वायु प्रदूषण हो रहा है जबकि पराली दशकों से जलाई जाती है, पिछले दो दिनों एक्यूआई 350 के खतरनाक आंकड़े को पार कर रहा है, अब कहां पराली जलाई जा रही है। उन्होंने 98-99 से 2013 तक कांग्रेस सरकार ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए जो काम किए उसके अनुपात में केजरीवाल की सरकार ने



कुछ नहीं किया। शीला जी की दिल्ली सरकार ने 1 करोड़ से भी अधिक वाहनों को सीएनजी में तबदील करके प्रदूषण 12 वर्षों में 200 प्रतिशत कम कर दिया। पब्लिक ट्रांसपोर्ट में जहां 1998-1999 में डीटीसी में केवल 1800-1900 बसें थीं उनको 2013 तक बढ़ाकर 5500 तक किया जो आज सिर्फ 3000 से भी कम रह गई है। उन्होंने कहा कि 2013 में 43 लाख लोग डीटीसी बसों में सफर करते थे, पिछले 11 वर्षों में 50-60 प्रतिशत आबादी बढ़ने पर जहां 60-65 लाख लोग बसों में सफर करना चाहिए था, लेकिन डीटीसी बसों की कमी और सरकार की नाकामी के कारण सिर्फ 26 लाख लोग सफर कर रहे है। बसें बढ़ाने में केजरीवाल सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

संदीप दीक्षित ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने अपने कार्यकाल में सिर्फ 64 कि0मी0 मंजूर करने के बाद यह कहना 400 कि0मी0 मेट्रो बढ़ाई है, लोगों को धोखा दे रहे है। उन्होंने कहा कि 2002 में पहले चरण और 2006 में दूसरे चरण में 193 कि0मी0 के रुट को मंजूरी मिली और 2011 में तीसरे चरण के लिए 164 कि0मी0 की मंजूरी मिली थी, जिसका काम 2015-16 में पूरा होना था। लेकिन भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार ने यह काम 2023 तक भी पूरा नही किया। अरविन्द केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के चलते न डीटीसी बसें बढ़ाई, न मेट्रो का रुट बढ़ाया और न ही सड़कें बनाने का काम किया, जिससे प्रदूषण दमघोटू और खतरनाक बन गया है।

उन्होंने कहा कि 2013 तक हमने 67-68 फ्लाई ओवर बनाकर सुगम यातायात देने के साथ ईंधन और समय बचाने में क्रांतिकारी काम किया था। जिससे 8400 करोड़ रुपये की बचत हुई और 56000 साल के समय की बचत हुई।

संदीप दीक्षित ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 2014 से आज तक के शासन में फॉरेस्ट कवर बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। 2013 में जहां ग्रीन कवर 300 वर्ग कि0मी0 था आज भी सिर्फ 299 वर्ग कि0मी0 ही है। विज्ञापनों और प्रचार में बेशक केजरीवाल सरकार ग्रीन कवर बढ़ाने के लिए कुछ भी कहे, लेकिन हकीकत में 2013 के मुकाबले आज फॉरेस्ट कवर लगभग उतना ही है, या कुछ कम हुआ है।

# घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोगः योगी

## पीएम द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम के मौके पर कहा कहा कि इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।



**स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। लाभार्थियों ने बताया कि उनको कानूनी दस्तावेज के रूप में घरौनी मिलने से व्यापार करने के लिए आसानी से बैंक से लोन मिल रहा है। साथ ही भूमि संबंधी विवाद भी खत्म हो गया है। पीएम ने कार्यक्रम में 4 राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश के लाभार्थी से संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घरौनियों के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले गरीब की 3 से 4 फुट जमीन दबंग इधर-उधर करके कब्जा कर लेते थे। वहीं स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका हक दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन सर्वे के जरिये गरीबों को उनका वास्तविक हक दिलाया है। सीएम ने कहा कि अब तक एक करोड़ से अधिक लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी है। शेष 25 हजार को जल्द ही घरौनी वितरित की जाएगी।

# लखनऊ में प्रेम प्रसंग के चलते भतीजे ने की थी मां-बेटी की हत्या, गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः मलिहाबाद** थाना क्षेत्र में मां-बेटी की हत्या करने वाले भतीजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित का महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते कुछ दिनों से महिला द्वारा फोन न उठाने पर हुई नाराजगी में आरोपित ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपित ने बेटी को इसलिए मार दिया कि कहीं वो उसका भेद न खोल दें। डीसीपी (पश्चिमी) विश्वजीत श्रीवास्तव ने मीडिया को बताया कि मलिहाबाद के ईशापुर में रहने वाली गीता (28) और उसकी छह साल की पुत्री की हत्या कर दी गई थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। शनिवार को नजरनगर फ्लाईओवर पर



ईशापुर निवासी अभियुक्त विकास को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि गीता उसकी दूर के रिश्ते में चाची लगती थी। कोरोना काल के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गये। दो साल पहले वो कमाने के लिए साढ़े तीन लाख रुपये खर्चाकर बीजा लगवाकर कमाने के लिए कुवैत गया था। गीता के जिद पर वह मात्र दो माह में ही घर आ गया। उस पर साढ़े तीन लाख का कर्ज था। उसे उतारने के लिए वह एक जगह काम करने लगा और जो भी पैसा कमाता आधे से ज्यादा गीता पर खर्चा करता था। बीते कुछ दिनों से आपसी मनमुटाव के चलते गीता ने विकास से दूरी बना ली।

## संक्षिप्त खबरें

### यूटीआई म्यूचुअल फंड ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एक नया वित्तीय केंद्र खोलने की घोषणा की

**कुरुक्षेत्र।** देश की अग्रणी म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में पहली मंजिल, वार्ड नंबर-8, बैंक ऑफ इंडिया के पास, रेलवे रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जिलाः कुरुक्षेत्र राज्यः हरियाणा पिनः 136118 में अपना यूएफसी खोलने की घोषणा की है। कंपनी ने देश भर में वितरण और निवेशक तक अपनी पहुंच को मजबूत करने के लिए अपने केंद्रित विस्तार के हिस्से के रूप में 20 जनवरी 2025 को 33 नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर (शाखाएं) खोलने की घोषणा की है। इस विस्तार का उद्देश्य वित्तीय निवेश संबंधी सुविधाओं में सुधार करना और निवेशकों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद करना है। कार्यालयों का यह प्रसार देश भर मंए निवेशकों के साथ गहरे संबंध बनाने और अधिक समावेशी निवेश संस्कृति को बढ़ावा देने के यूटीआई एएमसी के चल रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ श्री इम्तियाजुर रहमान ने कहा, ह्हम अपनी सेवाओं की पूरी रेंज को अपने ग्राहकों के करीब लाने के लिए रणनीतिक रूप से नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर खोल रहे हैं, जिससे हमारी सेवाओं तक लोगों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। पिछले कुछ वर्षों में म्यूचुअल फंड में व्यक्तिगत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, विशेष रूप से बी30 शहरों से, वास्तव में उल्लेखनीय और प्रेरणादायक रही है। यह विस्तार जागरूकता बढ़ाने और देश भर में व्यापक दर्शकों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को सुलभ बनाने के हमारे दीर्घकालिक को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यूटीआई म्यूचुअल फंड एक मजबूत वितरण नेटवर्क के माध्यम से अपने निवेशकों तक पहुंचने के लिए समर्पित है जिसमें वित्तीय केंद्र, व्यवसाय विकास सहयोगी, म्यूचुअल फंड वितरक (एमएफडी) और बैंकों के साथ रणनीतिक साझेदारी शामिल है।

### विनफास्ट ने आधिकारिक तौर पर भारतीय बाजार में प्रवेश किया

**नोएडा।** विनफास्ट ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो-2025 में भारतीय बाजारों के लिए अपने पहले इलेक्ट्रिक वाहनों की आधिकारिक तौर पर घोषणा की। नैस्डैक-सूचीबद्ध वियतनामी ऑटोमोबाइल कंपनी ने दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी- वीएफ 7 और वीएफ 6 को भी लॉन्च किया, जो उच्च गुणवत्ता वाले, स्मार्ट और आधुनिक उत्पादों के साथ बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हैं।

दो ऑल-इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी लॉन्च करने का विनफास्ट का यह निर्णय संभावनाओं भरे भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। विनफास्ट ने बाजार के लिए अपने पहले मॉडलों के रूप में वीएफ 7 और वीएफ 6 को चुना। भारत पहला बाजार भी है जहां विनफास्ट वीएफ 7 और वीएफ 6 का राइट-हैंड ड्राइव संस्करण लॉन्च करेगा। इन दो मॉडलों से उपभोक्ताओं की विद्युतीकरण आवश्यकताओं को पूरा करने और भारत में हरित परिवहन उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित करने की उम्मीद है।

विनफास्ट एशिया के सीईओ श्री फाम सान चौ ने कहा, भारत मोबिलिटी शो-2025 में हमारी उपस्थिति एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि हम पहली बार यहाँ अपने भारत-आधारित उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा मानना है कि हमारी प्रीमियम एसयूवी वीएफ 7 और वीएफ 6 गेम चेंजर हैं, जो भारत में ईवी को अपनाने की दिशा में तेजी लाएँगी। हम एक्सपो में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी समाधानों के अपने व्यापक पोर्टफोलियो को प्रदर्शित करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। यहाँ हमारी उपस्थिति न केवल भारतीय बाजार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस और उन्नत तकनीक के विजन को भी दर्शाती है।

## केंद्रीय रक्षा मंत्री रविवार को आएंगे जौनपुर

**जौनपुरः केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 19 जनवरी को मछलीशहर क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में आएंगे। भाजपा के नेता जगत नारायण दुबे की पौत्री की शादी में शिरकत कर वर-वधू को आशीर्वाद देंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रोटोकाल के अनुसार 19 जनवरी को दिन 11 बजे प्रयागराज से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 11 बजकर 10 मिनट पर राजनाथ सिंह मछलीशहर के निजामुद्दीपुर गांव पहुंचेंगे। यहां पर पूर्व संगठन मंत्री जगत नारायण दुबे की पौत्री की शादी समारोह में शामिल होने के बाद 11 बजकर 50 मिनट पर प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे।

# हथियारों से लैस घुसे बदमाश ने सुरक्षाकर्मी समेत तीन को किया घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**कानपुरः घाटमपुर** थाना क्षेत्र के पतारा स्थित एसबीआई बैंक में मौजूद बैंक कर्मियों और ग्राहकों के बीच उस वक्त हड़कम्प मच गया, जब शनिवार सुबह एक बदमाश हाथ में चाकू लेकर बैंक में घुसकर सुरक्षाकर्मी पर हमला कर दिया। सुरक्षाकर्मी पर हमला देख बैंक मैनेजर और कैशियर बदमाश को पकड़ने के लिए दौड़ पड़े लेकिन बदमाश ने चाकुओं से उन पर भी कई जानलेवा वार कर दिया। घायल होने के बावजूद बैंकर्मियों ने हमलावर को रस्सी से बांधकर पकड़ कर लिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बैंककर्मियों और सुरक्षाकर्मी को



इलाज के अस्पताल में भर्ती करवाकर मामले की जांच में जुट गई। घटना शनिवार सुबह की है जब भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पतारा शाखा में सुबह का समय होने की वजह से भीड़भाड़ कम थी। इस दौरान साइकिल सवार युवक हाथों में चाकू लेकर बैंक के अंदर प्रवेश करने लगा। उसके हाथ मे चाकू देख सुरक्षाकर्मी ने उसे अंदर जाने से रोका लेकिन इतनी ही देर में बदमाश ने सुरक्षाकर्मी पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। जिससे बैंक में चीख पुकार मच गई। हमलावर को रोकने और उसे पकड़ने के लिए बैंक कैशियर और मैनेजर भी बदमाश पर झपटे लेकिन उसने दोनों को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल होने के बावजूद बैंकर्मियों ने बदमाश पर काबू पाते हुए से रस्सी से बांधकर पकड़ लिया। चूंकि घटना बैंक से जुड़ी हुई थी इसलिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव समेत दक्षिण जोन का तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बैंकर्मियों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया तो वहीं हाथापाई और बीच बचाव में घायल हुए बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त दक्षिण आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि बदमाश के पास से एक चाकू, दो धारदार नुकीले हथियार समेत एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। हालांकि हमलावर अज्ञात है, उसने ऐसा क्यो किया? इसके पीछे उसकी क्या मंसा थी? ऐसे तमाम सवालों के जवाब पाने के लिए पुलिस टीम अज्ञात हमलावर से पूछताछ कर रही है।

# नए जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संभाला जिलाधिकारी कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः नव** नियुक्त जिलाधिकारी दीपक मीणा ने शनिवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। दीपक मी?णा सुबह 10 बजे कलक्ट्रेट पहुंचे और कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने जनसुनवाई के साथ-साथ सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने को अपनी प्राथमिकता बताया। कहा कि जो प्रदेश सरकार की प्राथमिकताएं हैं वहीं उनकी भी प्राथमिकता होंगी।

2011 बैच के आईएएस अधिकारी दीपक मीणा इससे पहले



मेरठ में जिलाधिकारी थे। 16 जनवरी की रात में उन्हें गाजियाबाद का जिलाधिकारी बनाकर भेजा गया था। जिलाधिकारी सीधे कलक्ट्रेट पहुंचे और अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके उन्होंने वार्ता में कहा कि आमजन की समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण करने पर उनका फोकस होगा।


## सीतापुर के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सीतापुरः उत्तर** प्रदेश के सीतापुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर एक महिला के साथ दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि कोतवाली नगर इलाके की रहने वाली महिला ने सांसद पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मामले से जुड़े साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। इसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात को सांसद राठौर के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि महिला ने 15 जनवरी को कोतवाली में शिकायत दर्ज करायी थी।

# दुष्कर्म व हत्या करने वाला अभियुक्त मुठभेड़ में घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः थाना लिंक** रोड पुलिस ने पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण के बाद दुष्कर्म व हत्या करने के मामले में मुठभेड़ के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा मय दो खोखा कारतूस व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि बीते दिनों एक व्यक्ति ने अपनी पांच वर्षीय बच्ची का अपहरण किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। शनिवार को पुलिस थाना लिंकरोड पुलिस टीम ने थाना लिंक रोड पर अपहरण के सम्बन्ध में अपहर्ता की तलाश के लिए ग्राम महाराजपुर एवं मिलने के संभावित स्थानों पर चेकिंग के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बच्ची का अपहरण करने वाला नूर आलम उर्फ राजू कौशांबी बस अड्डे की ओर जाते हुए देखा गया है। सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना लिंकरोड़ पुलिस ने नूर आलम उर्फ राजू का पीछा किया गया। पुलिस को पीछे आते देख नूर आलम कौशांबी बस अड्डे के पीछे पड़े खाली मैदान में छुप गया। जहां पर नूर आलम ने खुद को पकड़े जाते हुए देखकर झाड़ियों की आड़ लेकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने लगा। पुलिस पार्टी ने भी गोली चलाई, जिसमे नूर आलम



घायल हो गया। नूर आलम के दोनों पैरों में गोली लगी है।

गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि 15 जनवरी की रात में करीब 10:30 बजे घर से ग्राम महाराजपुर के बाहर खड़ी बस में सोने के लिए निकला था। मैं गाड़ी में हेल्पर का काम करता हूं। मेरे पीछे अपहर्ता आ रही थी और मुझसे पांच रुपये मांगे थे। मेरे मन में अचानक से उसके प्रति गलत ख्याल आने लगे। मैं उसे पैसे देने का लालच लेकर देकर अपने साथ बस में ले आया था, वहां पर उसके साथ मैंने दुष्कर्म किया। जब वह बेहोश हो गई तो मैं डर गया मैने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बस में रखे एक कट्टे में बांधकर रात्रि में ही पहाड़पुर कूलिंग फैक्ट्री के किनारे बने नाले में फेंक आया था। इसके बाद परिवार वालों के साथ लड़की का तलाश करवा रहा था ताकि उस पर कोई उस पर शक ना कर सकें।

# 30 करोड़ की मूर्ति चोरी का पर्दाफाश, चार काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**मीरजापुरः मीरजापुर** के थाना पड़री क्षेत्र के कठिनई गांव स्थित श्रीराम जानकी मंदिर से चोरी हुई 30 करोड़ की प्राचीन अष्टधातु की मूर्तियों की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस वारदात का मास्टरमाइंड और कोई नहीं बल्कि वादी, वंशीदास गुरु महामंडलेश्वर स्वयं निकला। एएसपी आपरेशन ओपी सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान मामले का खुलासा किया। शातिर योजना के तहत वंशीदास ने अपने साथियों के साथ मिलकर राम, लक्ष्मण और जानकी की बेशकीमती मूर्तियां



चोरी कर लीं। पुलिस ने सर्विलांस और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों वंशीदास गुरु महामंडलेश्वर (वादी और मुख्य आरोपी), लवकुश पाल (वंशीदास का वाहन चालक) मुकेश कुमार सोनी व रामबहादुर पाल को बोलेरो वाहन के साथ गिरफ्तार किया और चोरी की गई मूर्तियां बरामद कर लीं। इन्होंने अष्टधातु की मूर्तियों को मंदिर से चोरी कर पास के हाईमाई मंदिर के पीछे छिपा दिया था। गिरफ्तार अभियुक्तों से श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियां (कुल वजन 66 किलो), दो मुकुट, एक हार और मछलीनुमा कुंडल भी बरामद हुए।

पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया। पूछताछ में वंशीदास ने खुलासा किया कि मंदिर की गद्दी और संपत्ति पर अधिकार को लेकर उसके मन में लालच और नाराजगी थी। उसने मूर्तियों को बेचकर अलग मठ बनाने की योजना बनाई थी।

# महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री ने 7532 घरौनियां बांटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हमीरपुरः स्वामित्व** योजना के अंतर्गत आज शनिवार को दोपहर घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा




गया। जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपने हाथों से घरौनी वितरित की गई तथा लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि घर का मालिकाना हक/वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगों को ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ,महिलाओं, युवाओ,गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया। घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर के कुल 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य सम्पादित किया गया है। अब तक कुल डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रापर्टी कार्ड तैयार किये गये हैं जिनमें तहसील हमीरपुर में 33880, मौदहा में 44950, राठ में 25377 तथा सरीला में 23673) निर्मित किये गये हैं। कार्यक्रम में जनपद के कुल 42 ग्रामों (जिनमें तहसील हमीरपुर के 24 ग्राम, मौदहा के 9 ग्राम, राठ का 1 ग्राम तथा तहसील सरीला 8 ग्राम) में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया, जिनमें तहसील हमीरपुर में 3833, मौदहा में 1720, राठ में 124 तथा सरीला में 1855 घरौनी, इस प्रकार जनपद में कुल 7532 घरौनियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मेधावियों हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद की टॉप 10 में आने वाली छात्राओं को 5000- 5000 का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे राजनाथ सिंह ने संगम में लगाई डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुंभनगरः केन्द्रीय** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई। संगम स्नान के बाद पत्रकारों के बातचीत करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि परमात्मा ने मुझे यह अवसर प्रदान किया। आज प्रयागराज, संगम में स्नान करने के बाद मैं स्वयं को बहुत ही कृतार्थ महसूस कर रहा हूं। भारतीयता सांस्कृतिक एवं सनातन धर्म की आध्यात्मिक अनुभूति का यह पर्व है, जो प्राचीन



वैदिक खगोलीय घटना पर आधारित है। रक्षामंत्री ने कहा कि? यह गंगा, यमुना व सरस्वती के साथ सनातन धर्म की आध्यात्मिक, वैज्ञानिकता और साथ ही साथ सामाजिक समरसता का भी संगम है। विश्व के सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मैं यहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इसके लिए हार्दिक बधाई देता हूं। राजनाथ सिंह ने संगम स्नान की फोटो अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर भी पोस्ट की है। राजनाथ सिंह के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी व अनिल राजभर के अलावा राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## महाकुम्भ का भव्य आयोजन देख साधु संत बोले- सीएम योगी बने भगीरथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर:** महाकुम्भ में संगम स्नान के लिए भारत के हर राज्य से करोड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनके अलावा साधु संत भी बड़ी तादात में आए हैं, जो गंगा किनारे धूनी रमाए आपको चौबीसों घंटे दिख जाएंगे। महाकुम्भ में इन साधु संतों का बड़ा अनोखा संसार बसा है। कोई बाबा रबड़ी खिला रहे हैं, तो कोई श्रद्धालुओं को सैर करा रहे हैं। इनके अलावा बंगाली बाबा और बड़े बाबा की बड़ी बड़ी बातें सुननी हों, तो महाकुम्भ जरूर आइए। आप इन संतों से बात करिए तो इस महान आयोजन का पूरा श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना और जम्मू से बड़ी संख्या में साधु संत महाकुम्भ पहुंचे हैं। उनका कहना है कि संगम किनारे हम जो राम नाम का जप कर रहे हैं, वो योगी महराज की कृपा से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा, योगी देश के इकलौते ऐसे सीएम हैं, जो पूरे विश्व के संतों और सनातनियों के बारे में सोचते हैं। साधु बोले- सीएम योगी भगीरथ बनकर नए भारत का आगाज कर रहे हैं। देशभर से महाकुम्भ नगर में जुटे संतों ने जय श्री राम का उदघोष किया। वहीं संगम पर चारो तरफ हर हर गंगे, बम बम भोले गुंजायमान हो गया।

## सीएम युवाओं को सशक्त बनाएं : भाजपा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर भाजपा के प्रवक्ता डॉ. अभिजीत जसरोटिया ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अपने मंत्रियों को विभिन्न कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के युवाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने का निर्देश देने का आग्रह किया है। शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए डॉ. जसरोटिया ने जोर देकर कहा कि भाजपा क्षेत्र के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव देने के लिए तैयार है। डॉ. जसरोटिया ने क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग की एक रिपोर्ट पर प्रकाश डाला जिसमें दिखाया गया है कि एआई और ग्रीन स्किल्स सहित भविष्य की नौकरी कौशल के लिए भारत दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है जो केवल अमेरिका से पीछे है। उन्होंने वैश्विक मांगों, विशेष रूप से डिजिटल परिवर्तन और एआई को पूरा करने के लिए उच्च शिक्षा सुधारों और कौशल विकास को संरेखित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती युवा आबादी वैश्विक नौकरी बाजारों के लिए अवसर प्रदान करती है।

# महाकुम्भ में संगम स्नान करना मेरा सौभाग्य: सिंह

### केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महाकुम्भ में पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**हर-हर गंगे**

▶▶ रक्षा मंत्री के साथ राज्य सभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने भी किया संगम में स्नान



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** प्रयागराज में संगम तट पर सनातन संस्कृति के महापर्व महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। महाकुम्भ के महासम्मेलन में भाग लेने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। बमरौली हवाई अड्डे पर उन्हें विधायक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने रिसीव किया। राजनाथ सिंह के साथ सांसद सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद रहे। प्रयागराज पहुंच कर रक्षा मंत्री ने सबसे पहले गंगा, यमुना, सरस्वती के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर, सनातन की जय, गंगा मैय्या की जय का उद्घोष किया। उन्होंने संगम तट से अक्षयवट, पातालपुरी और बड़े हनुमान जी का दर्शन कर, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रक्षा मंत्री शाम को सेना के अधिकारियों के साथ महाकुम्भ की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग भी करेंगे। महाकुम्भ के दिव्य अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां गंगा के जल का आचमन कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और राष्ट्र की मंगलकामना की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "मैं इसे अपना सौभाग्य मानता हूं कि आज प्रयागराज, संगम में मैंने स्नान किया। यह भारतीयता का आध्यात्मिक व सांस्कृतिक महापर्व है। किसी पंथ, समुदाय या धर्म के साथ इसे जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। किसी को यदि भारत और भारतीयता को समझना है तो आकर महाकुंभ को देखिए... "रक्षा मंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बमरौली हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर से डीपीएस ग्राउंड नैनी पहुंचे। नैनी के अरैल घाट से जेटी के जरिए संगम पहुंच कर स्नान किया। संगम से वीआईपी घाट पर उतर कर अक्षयवट कॉरीडोर में प्रयागराज के छत्र अक्षयवट का दर्शन पूजन किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने पातालपुरी मंदिर और सरस्वती कूप का भी दर्शन किया। वहां से निकल कर बड़े हनुमान जी का दर्शन कर मंदिर में विशेष पूजन अर्चन किया।मंदिर के पुजारी जी का हाल चाल लिया और महाकुम्भ के लिए की गई व्यवस्था के बारे में भी पूछा।

## महाकुम्भ के कुशल संचालन के लिए रक्षा मंत्री ने सीएम योगी को दी बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 के कुशल संचालन को लेकर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर सराहना की और उन्हें साधुवाद दिया। अपने प्रयागराज दौरे पर त्रिवेणी संगम मैं आस्था की डुबकी लगाने के बाद रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े आयोजन और सबसे बड़े जन समागम का कुशल संचालन जिस तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया है वह सराहनीय है। जिस श्रद्धा भाव से यह आयोजन किया जा रहा है उसके लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद देता हूं। प्रशासनिक दृष्टि से भी यह आयोजन ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बधाई के पात्र हैं।

# घरौनी बनाने में ड्रोन दीदी का भी लें सहयोग: सीएम योगी



**वितरित किया**

▶▶ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** देशभर में 2 करोड़ 23 लाख से अधिक घरौनियां बनायी गयी हैं जबकि अकेले उत्तर प्रदेश में 1 करोड़ 50 हजार से अधिक घरौनियां बनायी गयीं। इनमें से 37 हजार से अधिक गांव की 55 लाख 14 हजार से अधिक घरौनियों को पहले ही वितरण किया जा चुका है। वहीं आज शनिवार को 29 हजार से अधिक गांव की 45 लाख 35 हजार से अधिक घरौनियों का वितरण किया गया। इससे गांवों में प्रापर्टी को लेकर होने वाले विवादों में कमी आयी है। पहले दबंग कमजोर व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर लेता था, लेकिन पहली बार तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन सर्वे के माध्यम से गांवों में घरौनी (कानूनी दस्तावेज) के जरिये घर का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिसे अब कोई भी दबंग नहीं छीन सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम में कही।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली बटन दबाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों के लाभार्थियों से संवाद भी किया। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर कई लाभार्थियों को घरौनी वितरित की।

**स्वरोजगार के नये अवसर लेकर आया है प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी)**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में घरौनी के लाभार्थियों से संवाद कर उनसे इसके लाभ के बारे में जानकारी हासिल की।

### राजस्व विभाग जल्द सर्वे के लिए सर्वे ऑफ इंडिया की ले मदद

सीएम योगी ने राजस्व विभाग को निर्देश दिये कि शेष गांव में तय समय में पैमाइश कराकर लोगों को घरौनी दी जाए। इसे जल्द से जल्द पूरा करने के लिए राजस्व विभाग को सर्वे ऑफ इंडिया से वार्ता करने के निर्देश दिये। साथ ही ड्रोन सर्वे के लिए ड्रोन दीदी की सहायता लेने के निर्देश दिये।
ऐसे में समय रहते शेष ग्रामीणों को घरौनी प्राप्त हो जाएगी। इससे जहां एक ओर राजस्व से जुड़े हुए तमाम वादों का निस्तारण होगा, वहीं आर्थिक विकास में भी तेजी आएगी।

## हमीरपुर में सेना भर्ती: दूसरे दिन 470 युवाओं ने लगाई दौड़

**हमीरपुर।** अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट में दूसरे दिन शनिवार को लगभग 470 युवाओं ने भाग लिया। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि शनिवार को जिला बिलासपुर की तहसील भराड़ी, नम्होल, घुमारवीं और तहसील नैणादेवी, जिला हमीरपुर की तहसील भोरंज और टौणीदेवी के लगभग 550 पात्र युवाओं को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था।

# युवाओं को खूब भाये खादी के परिधान, जमकर हुई खरीदारी



**उत्पाद**

▶▶ उत्तर प्रदेश सहित 7 राज्यों के उत्पादों ने खादी महोत्सव में बिखेरा जलवा, मार्केटिंग का फायदा, मिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और निर्देशन में खादी को नई पहचान मिल रही है। उन्होंने खादी को भारतीय स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया है। लखनऊ में एक सप्ताह तक चले खादी महोत्सव ने विभिन्न वर्गों के लोगों को आकर्षित किया, विशेषकर युवा वर्ग में खादी के उत्पादों के प्रति उत्साह बढ़ाया। खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित खादी महोत्सव-2025 में लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 2.54 करोड़ रुपये से अधिक की खादी और अन्य वस्तुओं की बिक्री हुई। इस महोत्सव का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करना था, जिसमें उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। जिसमें महाराष्ट्र, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, पश्चिम बंगाल और राजस्थान जैसे राज्यों के उद्यमी भी अपने उत्कृष्ट खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का प्रदर्शन किया। आधुनिक तकनीकों से निर्मित खादी के परिधान युवा पीढ़ी को खूब भाया।
यहां प्रदर्शित उत्पादों में सूती, ऊनी, पोली रेशम के वस्त्र, लकड़ी और मिट्टी से बने खिलौने और बर्तन, पंलगपोस, चादरें, और कोट-सदरी जैसे विविध आइटम्स शामिल थे।

# पाकिस्तानी विस्थापित परिवार के बच्चो सीख रहे संस्कृत

▶▶ बाद में इस पर धीमे-धीमे कच्ची बाड़ बनाई गई। वासियों के सहयोग से यहां पर ईंटों की एक छोटी दीवार भी खींची गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** जोधपुर में पाक विस्थापित परिवार के बच्चे इन दिनों संस्कृत में श्लोक बोलते नजर आ रहे हैं। यह बच्चे न सिर्फ संस्कृत में प्रार्थना श्लोक बोलते हैं बल्कि एक-दूसरे से बातचीत भी आसानी से संस्कृत में कर लेते हैं। उनके परिवार ने भले ही पाकिस्तान में प्रताडना झेलकर भारत में आकर शरण ली हो लेकिन ये बच्चे आज भारत की वैदिक मंत्रों का उच्चारण बड़ी आसानी से कर लेते हैं।

टीचर भुवनेश व्यास ने बताया कि पाकिस्तान से विस्थापित हुए हिंदू लोगों के लिए कच्ची बस्ती में यह प्राथमिक स्कूल 20 अप्रैल 2022 को शुरू हुआ था। उस समय यहां पर विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की आर्थिक अथवा भौतिक सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई थी। शुरूआती दिनों में 6 महीने तक यह स्कूल खुले में पेड़ के नीचे सडक के किनारे चली। बाद में शिक्षक भबूता राम की ओर से कॉलोनी में एक जगह पर छात्रों और कॉलोनी वासियों की सहायता से उसे सुधार कर बच्चों के पढने. के लिए खुला मैदान जैसा बनाया गया। बाद में इस पर धीमे-धीमे कच्ची बाड़ बनाई गई। कॉलोनी वासियों के सहयोग से यहां पर ईंटों की एक छोटी दीवार भी खींची गई।

# एसआई भर्ती पर लेना चाहिए निर्णय : किरोड़ी



**मांग**

▶▶ सआई परीक्षा मामले को लेकर कहा कि एसओजी ने रिपोर्ट दी है कि परीक्षा रद्द होनी चाहिए

**टीम एक्शन इंडिया**
**अलवर। कैबिनेट** मंत्री किरोड़ी लाल मीना ने एसआई परीक्षा रद्द होने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने एसआई परीक्षा मामले को लेकर कहा कि एसओजी ने रिपोर्ट दी है कि परीक्षा रद्द होनी चाहिए और हाईकोर्ट भी यही चाहता है। अब जनता का मन बन गया कि पेपर रद्द होना चाहिए। इस बात को लेकर मुख्यमंत्री को भी निर्णय लेना चाहिए कि पेपर रद्द हो। किरोड़ी लाल मीना ने शनिवार को अलवर में स्वामित्व योजना को लेकर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। कृषि मंत्री मीणा ने कहा कि एसओजी, पुलिस मुख्यालय, एडवोकेट जनरल एवं कैबिनेट उप समिति ने भी एसआई भर्ती रद्द करने की बात कही है। हाईकोर्ट ने भी ऐसी ही मंशा जताई है। पहले ही दिन से यह बात कही जा रही थी कि एसआई भर्ती को रद्द किया जाए। परीक्षार्थी बेल आउट होने के बाद ज्वाइन करने के लिए चले गए। राजस्थान में सर्वमान्य जनता का मत बन गया कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द होनी चाहिए। जन भावना के अनुकूल ही प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस पर निर्णय लेना चाहिए।

## हिप्र स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं की डेटशीट जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने दसवीं व जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं की फाइनल डेटशीट शनिवार को जारी कर दी है। बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी प्रस्तावित डेटशीट में हल्का संशोधन करने के बाद जारी डेटशीट के मुताबिक मैट्रिक और जमा दो की वार्षिक परीक्षाएं चार मार्च से आरंभ होंगी। स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मैट्रिक और प्लस टू की नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टमेंट, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार परीक्षा के लिए फाइनल शेड्यूल जारी किया है।

**निंदा** स्कूलों को मर्ज करने के सरकारी फैसले की गोविंद सिंह व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी निंदा की

# 'कालीबाई भील की धरती महिला शिक्षा का गला घोंट रही'



**साधा निशाना**

▶▶ नामांकन संख्या वाले स्कूलों को बन्द करना भाजपा की महिला शिक्षा पर सर्जिकल स्ट्राइक है

**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने 260 स्कूलों को उच्च माध्यमिक स्कूलों में समाहित करने के आदेश दिए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भजनलाल सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कालीबाई भील की धरती राजस्थान में भाजपा महिला शिक्षा का गला घोंट रही है। गहलोत ने एक्स पर लिखा कि अच्छी नामांकन संख्या वाले स्कूलों को बन्द करना भाजपा की महिला शिक्षा पर सर्जिकल स्ट्राइक है। इनका छिपा हुआ एजेंडा सामने आ रहा है, ये नहीं चाहते कि लड़कियां पढ़ें-लिखें और आगे बढ़ें। हमारी सरकार ने बालिकाओं के ड्रॉप आउट रेट को कम से कम करने के लिए कम नामांकन होने पर भी स्कूलों को चालू रखा जिससे एक भी बच्ची को पढ़ाई ना छोड़नी पड़े। हमने नीति बनाई कि जिन स्कूलों में 11वीं तथा 12वीं कक्षा में बालिकाओं का नामांकन 500 से अधिक होगा वहां कॉलेज खोल दिया जाएगा। हमारा प्रयास था कि बालिकाओं को पढ़ाई के अधिक से अधिक मौके दिए जाएं। भाजपा की अदूरदर्शी नीतियां राजस्थान को पीछे की ओर ले जा रही हैं। इसका खामियाजा उन बच्चियों को भुगतना पड़ रहा है जिनके शिक्षा के केन्द्रों पर ताला लगाया जा रहा है। प्रदेश में स्कूलों को मर्ज करने के सरकारी फैसले की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी निंदा की है। डोटासरा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा प्रणाली में सुधार एवं विस्तार करने की जगह स्कूल बंद करने का काम कर रही है। शिक्षा प्रणाली में सुधार, नवाचार एवं विस्तार करने की जगह भाजपा सरकार हमेशा स्कूलें बंद करने का काम करती हैं।

www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925